वर्ष-10, अंक-166

इन्दौर, शुक्रवार
13 सितम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक


# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761

इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com


**चाणक्य नीति**

चाणक्य कहते हैं कि अधिक लाड़ प्यार करने से बच्चों में अनेक दोष उत्पन्न हो जाते हैं। इसलिए यदि वे कोई गलत काम करते हैं तो उसे नजरअंदाज करके लाड़-प्यार करना उचित नहीं है। बच्चे को डाँटना भी आवश्यक है। -चाणक्य



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बहोरीबंद में 1011.05 करोड़ रूपये की लागत की उदवहन माइक्रो सिंचाई परियोजना के निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया

भोपाल, राष्ट्रीय जनभावना।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान श्रीराम अपने 14 वर्ष के वनवास के दौरान बहोरीबंद की पावन भूमि से होकर चित्रकूट गए थे। यह श्रीराम की तपोस्थली है। इस क्षेत्र की जनता को पिछले 40 वर्षो से जिस योजना का इंतज़ार था, वह आज पूरी होने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को कटनी जिले के बहोरीबंद में 1011.05 करोड़ रूपये की लागत की बहोरीबंद उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना के निर्माण कार्यों के शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहोरीबंद परियोजना से कटनी जिले की 4 तहसीलों के 151 गांव की 32 हजार हेक्टयर ज़मीन सिंचित होगी। इससे हर खेत के लिए जल की हर बूँद का कृषक स्प्रिंकलर, ड्रिप आदि पद्धति से उपयोग कर सकेंगे। नहर बनाने के लिए ज़मीन का प्रयोग नहीं किया जाएगा सीधे ही पानी खेत के लिए उपलब्ध हो सकेगा। परियोजना से कटनी के नागरिकों को पेयजल आपूर्ति के प्रयास भी किये जाएगें। मुख्यमंत्री ने कटनी जिले में विकास के लिये 55 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहोरीबंद सिंचाई परियोजना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के ÷ड्राप मोर क्रॉप÷ अर्थात पानी की बूंद-बूंद का उपयोग कर अधिकतम उत्पादन लेने के किये गए आहवान पर क्रियान्वित होगी। इसमें भूमि बचाव एवं जल बचाव के उद्धेश्य के साथ खेतों में पानी पहुंचाया जायेगा। उन्होंने कहा कि आज बहोरीबंद की जनता होली और दिवाली एक साथ मना रही है। बारिश में भी कटनी के लोगों मे असीम उत्साह देखकर उनका हृदय प्रफुल्लित हो गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अयोध्या की तर्ज पर चित्रकूट धाम को भव्य और दिव्य बनाया जाएगा। गोपाल कृष्ण के नाम पर प्रदेश की सभी नगर पंचायत, नगर पालिका और नगर निगम में भगवत गीता के 18 अध्यायों पर केन्द्रित गीता भवन बनाये जायेंगे। साथ ही हर विकासखण्ड में वृंदावन के समान आदर्श गांव बनाया जाएगा। बहोरीबंद को 15 वार्ड जोड़कर नगर परिषद बनाया जाएगा। जिले के गाताखेड़ा, जुझारी, जमुनिया, सिहरिया, बेजनाला, जमुन्हाई में जलाशय बनाने के साथ बहोरीबंद जलाशय का पुनरुद्धार करने और बहोरीबंद के प्राचीन तीर्थ रूपनाथ, तिगवा, बिलहरी, वसुधा जल-प्रपात,केन नदी के उदगम स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बहोरीबंद मे ÷हरिबाबा हरिदास÷ के नाम पर धर्मशाला बनाई जायेगी।

हितग्राहियों को हितलाभ वितरण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये। उन्होंने श्रीमदभागवत गीता का संस्कृत से हिंदी अनुवाद करने वाली बालिका सुश्री श्रद्धांजलि शुक्ला ÷अंजन÷ को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री को कार्यक्रम में बहोरीबंद की जनता की ओर से रजत मुकुट भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम स्थल पर आजीविका मिशन के महिला समूहों, ई-गवर्नेंस, कृषि, वन, महिला बाल विकास एवं उद्योग विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। जिले के प्रभारी तथा स्कूल शिक्षा मंत्री श्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि जिले की जनता के कल्याण व विकास के लिए वे प्रदेश सरकार के साथ एक सेतु के रूप में कार्य कर रहें है। इसके लिये वे कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

हमारी सरकार ने प्रदेश के कल्याण के लिए पिछले आठ माह में बड़े-बड़े फैसले लिए है। सांसद श्री वी.डी. शर्मा ने कहा कि कटनी के कल्याण के लिए आज का दिन ऐतिहासिक दिन है। कटनी जिले के 151 गाँव की तस्वीर और तकदीर बदलने वाली 1011.5 करोड़ की लागत की सिंचाई परियोजना का कार्य मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज शुरू किया है। इस परियोजना की मांग क्षेत्र की जनता लगातार कई वर्षों से कर रही थी। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन अंतर्गत भी हर घर पेयजल पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। परियोजना से सिंचाई के साथ पेयजल की सुविधा भी क्षेत्र के लोगों को मिलेंगी। हर नागरिक को सहज सुविधाएँ उपलब्ध करा रही है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक श्री प्रणय प्रशांत पांडेय,श्री धीरेन्द्र बहादुर सिंह सहित जन-प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में किसान, जनसमुदाय एवं लाड़ली बहनें उपस्थित रहीं।



बॉलीवुड स्टार रणवीर कपूर आज इन्दौर में एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने आए। (छाया : सुधीर वर्मा)

## एमपी के 6 जिलों में बाढ़

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बंगाल की खाड़ी में बने स्ट्रॉन्ग सिस्टम के चलते मध्य और उत्तर भारत में बुधवार को भारी बारिश हुई। कई शहरों में बाढ़ है तो कई जिलों का सड़क संपर्क टूट गया है। नदियों के किनारे बसे गांवों से लोगों को हटाकर सुरक्षित स्थानों पर ले जाना पड़ा है। 28 जिलों में बुधवार को तेज बरसात हुई। ग्वालियर में 24 घंटे में 8 इंच और भोपाल में ढाई इंच बरसात हुई। दतिया में 400 साल पुराने किले की दीवार गिरने से 7 लोगों की मौत हो गई। भोपाल में 5वीं, राजगढ़, सागर, गुना, शिवपुरी, मुरैना और भिंड में 8वीं तक स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। सुजान गंगा नदी ओवरफ्लो होने से कोटा और भरतपुर में बाढ़ के हालात बन गए हैं। गुरुवार को जयपुर, अजमेर, उदयपुर समेत 7 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट है। अजमेर, धौलपुर सवाई माधोपुर जिले में गुरुवार को स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। सुकमा-बीजापुर से तेलंगाना और आंध्र प्रदेश का संपर्क कटा हुआ है। राजनांदगांव में शिवनाथ नदी का पानी 11 गांवों में घुस गया है। यहां 30 साल बाद बाढ़ आई है। राजनांदगांव, खैरागढ़ में सैकड़ों लोगों को राहत कैंपों में शिफ्ट किया गया है। लखनऊ-झांसी समेत यूपी के 10 जिलों में बारिश जारी है। झांसी-जालौन में 36 घंटे से जारी बारिश की वजह से घरों में पानी भर गया। एटा, झांसी, ललितपुर, आगरा, कन्नौज, इटावा, जालौन और हाथरस में 12वीं तक के स्कूलों में गुरुवार को छुट्टी कर दी गई है। 12 सितंबर को 12 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट मौसम विभाग (IMD) ने गुरुवार (12 सितंबर) को 12 राज्यों में भारी बारिश का अनुमान जताया है।

उत्तर प्रदेश में अगले 48 घंटों के लिए मथुरा, आगरा सहित 8 जिलों में रेड अलर्ट है और 10 से ज्यादा जिलों में ऑरेंज अलर्ट है। हिमाचल प्रदेश के 8 जिलों में बारिश का पूर्वानुमान है। सिरमौर और किन्नौर में लैंडस्लाइड की आशंका है। मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड में 14 सितंबर तक बारिश जारी रहने की संभावना है।



## हिंसा की आग में सुलग उठा कर्नाटक का मांड्या

**मांड्या (एजेंसी)।** कर्नाटक के मांड्या में गणेश विसर्जन के दौरान सांप्रदायिक हिंसा हुई है. हालात इतने खराब हो गए कि उपद्रवियों ने पथराव के बाद कई दुकानों और कपड़ों के साथ-साथ बाइक के शोरूम को आग के हवाले कर दिया।

इतना ही नहीं बेकाबू भीड़ ने सड़क पर खड़ी बाइकों को भी फूंक दिया. हालात को संभालने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा. दरअसल, बदरिकोप्पलु गांव के युवक गणेश विसर्जन के लिए जुलूस निकाल रहे थे. जुलूस नागमंगला की मुख्य सड़क पर एक मस्जिद के पास से गुजरा. बताया जा रहा है कि इस दौरान जुलूस पर पथराव हुआ. हालात बिगड़ गए और दोनों समुदायों के बीच झड़पें होने लगीं. पुलिस ने जब लाठीचार्ज किया तो गुस्साए हिंदू समुदाय के लोगों ने थाने के सामने प्रदर्शन किया और जिम्मेदारों की गिरफ्तारी की मांग की. घटना के विरोध में विश्व हिंदू परिषद (VHP) और बजरंग दल ने आज नागमंगला में बंद का आह्वान किया है. इस मामले में पुलिस ने 52 लोगों को हिरासत में लिया है. पुलिस की कार्रवाई के बाद पकड़े गए लोगों के परिजन थाने के सामने इकट्ठा हो गए और अपने लोगों को छोड़ने की मांग करने लगे. उन्होंने कहा,हमारे लोगों ने कुछ भी गलत नहीं किया, उन्हें बिना किसी कारण के गिरफ्तार किया गया है. इस दौरान महिलाओं ने पुलिस के सामने आंसू भी बहाए, जिसके बाद पुलिस ने महिलाओं को कानूनी सलाह दी.

## इंदौर में आर्मी अफसरों से मारपीट, दोस्त से गैंगरेप

### बंधक बनाकर 10 लाख मांगे, लड़की को झाड़ियों में ले गए; 6 आरोपी थे, 2 गिरफ्तार

**इन्दौर (नप्र)।** मध्य प्रदेश के इंदौर में सेना के 2 ट्रेनी अफसरों और उनकी दोस्त से मारपीट करने, बंधक बनाने और गैंगरेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि घटना 10 सितंबर रात करीब ढाई बजे की है, जब अफसर इंदौर के जामगेट घूमने गए थे।



**भाजपा सरकारों का नकारात्मक रवैया चिंताजनकः राहुल**

राहुल गांधी ने कहा- मध्यप्रदेश में सेना के दो जवानों के साथ हिंसा और उनकी महिला साथी के साथ दुष्कर्म पूरे समाज को शर्मसार करने के लिए काफी है। भाजपा शासित राज्यों की कानून-व्यवस्था लगभग अस्तित्वहीन है। महिलाओं के खिलाफ़ दिन प्रतिदिन बढ़ते अपराधों पर भाजपा सरकार का नकारात्मक रवैया अत्यंत चिंताजनक।

पुलिस ने गुरुवार को कहा कि सभी 6 आरोपियों की पहचान हो चुकी है और 2 को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों ने अफसरों से 10 लाख रुपए भी मांगे। अफसर की दोस्त को दूर झाड़ियों में ले गए। पीड़ित अफसर ने गैंगरेप की आशंका जाहिर की है। पुलिस ने गैंगरेप, लूट, डकैती और आर्म्स एक्ट में केस दर्ज कर लिया है। एसपी ग्रामीण हितिका वासल ने कहा, अस्पताल में भर्ती विक्टिम के बयान दर्ज नहीं किए जा सके हैं। उसका मेडिकल कराया गया है। बयान के आधार पर केस की धाराएं अपडेट की जाएंगी। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने घटना पर दुख जाहिर किया। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर नकारात्मक रवैया चिंताजनक है। एक आरोपी पर मर्डर का केस एसपी ने कहा कि फरार 4 आरोपियों की भी पहचान हो गई है। उनको तलाशने के लिए 10 थानों को अलर्ट किया गया है। सभी आरोपी इंदौर के मानपुर, बडगौंदा के रहने वाले हैं। दो का क्रिमिनल रिकॉर्ड है। एक पर 2016 में मर्डर का केस भी दर्ज हुआ था। पुलिस के मुताबिक, आर्मी के दो ट्रेनी अफसर जामगेट इलाके में मंगलवार रात करीब ढाई से तीन बजे के बीच घूमने गए थे। उनके साथ 2 दोस्त भी थीं। इसी बीच आरोपी भी वहां पहुंच गए। उन्होंने पहले चारों लोगों को पीटा। फिर 10 लाख रुपए की मांग की। दो को बंधक बनाकर बाकी दो साथियों को रुपए लेने भेज दिया। आर्मी अफसर ने घाट से ऊपर आकर अपने कमांडेंट को सूचना दी। आर्मी ने महू पुलिस और ग्रामीण एसपी को वारदात की जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची तब तक बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिस ने घायल आर्मी अफसर और महिला मित्र का रेस्क्यू किया।




**पटना ।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने हिमाचल प्रदेश के शिमला में संजौली मस्जिद विवाद पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि संजौली मस्जिद अवैध है और इसे तुरंत ढहा दिया जाना चाहिए। इससे राज्य और देश का माहौल खराब हो रहा है। गिरिराज सिंह ने आगे कहा कि देश में जितनी भी अवैध मस्जिदें और मदरसे हैं, उन्हें भी ढहा दिया जाना चाहिए। गिरिराज सिंह ने कहा कि देश में एक गहरी साजिश चल रही है, जिसमें जहां-जहां हिंदू आबादी है, वहां मुस्लिमों को बसाने की कोशिश हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि देवभूमि हिमाचल प्रदेश में रोहिंग्याओं को बसाने की साजिश रची जा रही है और यह एक सोची-समझी योजना का हिस्सा है।

### संजौली मस्जिद पर विरोध प्रदर्शन

बीजेपी सांसद ने संजौली के हिंदुओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि वे इस अवैध निर्माण के खिलाफ खड़े हो रहे हैं। हाल ही में 11 सितंबर को हिंदू संगठनों ने शिमला के संजौली में कथित अवैध मस्जिद निर्माण के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के दौरान पुलिस की बैरिकेडिंग को तोड़ दिया गया और लोग सड़क पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे। हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज और वाटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा। इस प्रदर्शन में कई हिंदू महिलाएं भी शामिल हुईं थीं।

### सरकार का रुख

हिमाचल प्रदेश सरकार के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि यदि संजौली मस्जिद का निर्माण अवैध पाया जाता है, तो उसे ढहा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश एक शांतिपूर्ण राज्य है और सरकार यहां शांति बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में मंदिरों के निर्माण के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए गए हैं और वे स्वयं एक गर्वित सनातनी हैं।

## नाइजीरिया में भीषण बाढ़ ने ली कुल 30 लोगों की जान, इजरायली हमले में 34 की मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कहीं कुदरत का कहर तो कहीं इंसानी दुश्मनी आमलोगों का जीवन खल्लास कर रही है। नाइजीरिया में जहां भीषण बाढ़ से 30 लोगों की मौत हो गई तो वहीं गाजा में इजरायली हमले में कम से कम 34 लोग मारे गए।



इसमें संयुक्त राष्ट्र का स्कूल भी ध्वस्त हो गया। दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)/अबुजा (नाइजीरिया) कहीं बाढ़ और बारिश तो कहीं बमबारी लोगों की जान ले रही है। गाजा में इजरायली बमबारी से 34 तो वहीं अफ्रीकी देश नाइजीरिया में भयानक बाढ़ ने 30 लोगों की जान ले ली। इस प्रकार दोनों देशों में कम से कम 64 लोग इन दुर्घटनाओं में मारे गए। बता दें कि इजरायल ने मध्य गाजा में संयुक्त राष्ट्र के एक स्कूल और दो घरों पर बुधवार को भीषण हवाई हमला कर दिया। इस हवाई हमले में 19 महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 34 लोग मारे गए। अस्पताल अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस स्कूल में विस्थापित फलस्तीनियों ने शरण ले रखी थी। इजरायली सेना ने कहा कि उसने नुसेरात शरणार्थी शिविर स्थित स्कूल के अंदर से हमले की योजना बना रहे हमास के चरमपंथियों को निशाना बनाया। गाजा में युद्ध अब 11वें महीने में प्रवेश कर चुका है, जिसमें हजारों लोग मारे जा चुके हैं। इजरायल और हमास उग्रवादी समूह के बीच युद्धविराम के लिए मध्यस्थता करने के अंतरराष्ट्रीय प्रयास बार-बार बाधित होते रहे हैं।

**बाढ़ के बवंडर से नाइजीरिया में हाहाकार, 30 लोगों की मौत**

उत्तर-पूर्व नाइजीरिया में भीषण बाढ़ के कारण 30 लोगों की मौत हो गई और लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंगलवार को बोर्नो राज्य में एक प्रमुख बांध के टूटने से भीषण बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिसकी वजह से निवासियों को अपने अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थान पर शरण लेनी पड़ी। यही बांध 30 साल पहले भी टूटा था। राज्य सरकार ने कहा कि असामान्य रूप से भारी बारिश के कारण बांध में क्षमता के मुताबिक पर्याप्त पानी भर गया था। नाइजीरिया में दो वर्ष पहले भी भीषण आई थी जिसमें 600 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।

### सीपीएम महासचिव
## सीताराम येचुरी का निधन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई-एम) के महासचिव सीताराम येचुरी का 72 साल की उम्र में निधन हो गया है। उनका इलाज दिल्ली के एम्स में चल रहा था, जहां वे एक्यूट रेस्पिरेटर ट्रैक्ट इन्फेक्शन से पीड़ित थे। 19 अगस्त को तेज बुखार की शिकायत के बाद उन्हें एम्स के आपातकालीन विभाग में भर्ती कराया गया था। हाल ही में, उन्हें निमोनिया के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था और सीपीआई (एम) ने पुष्टि की थी कि उनकी हालत गंभीर नहीं थी। सीताराम येचुरी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव थे और 1992 से पार्टी के पोलित ब्यूरो के सदस्य भी रहे। इसके अलावा, वे 2005 से 2017 तक पश्चिम बंगाल से राज्यसभा के सांसद भी रहे। उनका जन्म 12 अगस्त 1952 को मद्रास (चेन्नई) में तेलुगु भाषी ब्राह्मण परिवार में हुआ था।

## संपादकीय

# पिछले 10 साल धर्म की राजनीति के,अब जाति की राजनीति के



भारतीय राजनीति मे इन दिनों धर्म और जाति के बढ़ते प्रभाव पर चर्चा हो रही है। पिछले 10 साल की राजनीति में धर्म आधारित राजनीति प्रमुख कारण था। 2014 का लोकसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हिंदुत्व को आधार बनाकर जीता। गुजरात मॉडल के धार्मिक ध्रुवीकरण ने भाजपा को केंद्र एवं राज्यों की सत्ता में मजबूती से स्थापित किया। धार्मिक ध्रुवीकरण का यह मॉडल सारे देश में फैलाया गया। केंद्र एवं राज्यों में डबल इंजन की सरकारें बनी। जिससे देश में धर्म आधारित राजनीति को बढ़ावा मिला। धार्मिक आधार पर राजनीति का ध्रवीकरण हुआ। भाजपा ने इसे ही राजनीति का सत्य मान लिया था। विपक्षी दल भी लगभग 10 साल तक बदली हुई परिस्थितियों में कोमा में चले गए थे। 80-20 की राजनीति का गणित विपक्षी दल नहीं समझ पा रहे थे। धर्म की राजनीति अपने चरम पर पहुँच गई। धर्म के आधार पर भगवान राम और हिंदुत्व के नाम पर जो राजनीतिक सफलता नरेंद्र मोदी और भाजपा ने प्राप्त की थी। उसका आम जनता को कोई लाभ नहीं मिला। 2014 में जो वादे किए गए थे। वह पूरे नहीं हुए। उल्टे महंगाई, बेरोजगारी और कर्ज आम लोगों पर बढ़ता चला गया। पिछले 10 सालों में जनता के ऊपर कई तरह के टैक्स और शुल्क लगाकर सरकारों ने भारी राजस्व कमाया। पिछले 10 सालों में जनता की परेशानी शनै- शनै बढ़ती चली गई। धर्म की राजनीति का तिस्लिम अब टूटता हुआ दिख रहा है। भविष्य के चुनावों में अब धर्म का स्थान जाति के आधार पर तैयार हो रहा है। भारत में परिवार एवं जाति समुदाय की भूमिका हमेशा से महत्वपूर्ण रही है। आने वाले समय में आर्थिक कारणों से जाति आधारित राजनीति अधिक सशक्त होना तय है। भारतीय राजनीति मे जाति के मुद्दे को इस्तेमाल कर, विपक्षी दलों ने सत्ता पक्ष के चुनावी समीकरणो को पूरी तरह से चुनौती देने की तैयारी कर ली है। दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग का बड़ा समूह विभिन्न जाति और समुदाय में बंटा हुआ है। सभी विपक्षी दल मिलकर आर्थिक एवं सामाजिक उन्नयन के आधार पर 67 फ़ीसदी आबादी को अपने साथ जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। 2024 का लोकसभा चुनाव धर्म आधारित राजनीति के लिए मुफीद नहीं रहा।



## चिंतन-मनन

# जीवन एक क्रिकेट मैच

प्रांतिकारी संत तरुणसागरजी ने क्रिकेट की व्याख्या करते हुए कहा कि जीवन एक क्रिकेट है, धरती की विराट पिच पर समय बॉलिंग कर रहा है। शरीर बल्लेबाज है, परमात्मा के इस आयोजन पर अम्पायर धर्मराज हैं। बीमारियाँ फील्डिंग कर रही हैं, विकेटकीपर यमराज हैं, प्राण हमारा विकेट है, जीवन एक क्रिकेट है। इस डे-नाइट मैच में हमें रचनात्मकता के जलवे दिखाने हैं और साँसों के सीमित ओवर में सृजन के रन बनाने हैं। गिल्लियाँ उड़ने का अर्थ साँस का टूट जाना है, एलबीडब्ल्यू यानी हार्ट-अटैक। दुर्घटना में मरने वाला रन आउट कहलाता है और सीमा पर शहीद होने वाला कैच आउट कहा जाता है। आत्महत्या का अर्थ हिट विकेट और हत्या स्टम्प आउट हो जाना है। कभी-कभी कुछ आप्रामक खिलाड़ी जल्दी ही पैवेलियन लौट जाते हैं, लेकिन पारी ऐसी खेलते हैं कि कीर्तिमान बना जाते हैं, सबका अपना-अपना रन रेट है, जीवन एक क्रिकेट है। घर आए अतिथि को भोजन के लिए पूछा करो, भोजन के लिए नहीं पूछ सकते तो पानी के लिए पूछा करो, पानी का नहीं पूछ सकते हैं तो बैठने के लिए आसन दिया करो। बैठने के लिए आसन भी नहीं दे सकते तो दो मीठे बोल बोला करो। दो मीठे बोल नहीं बोल सकते, मुस्कुराहट भी नहीं दे सकते तो चुल्लू भर पानी में डूब मरो। उक्त प्रेरक विचार उन्होंने प्रवचनमाला में व्यक्त किए। हाथों में मोबाइल हो न हो, चेहरे पर स्माइल हर हाल में होना चाहिए। आदमी स्मार्ट मोबाइल से नहीं, मुस्कुराहट से बनता है। हँसना पुण्य है और हँसाना परमपुण्य है। जब आप हँसते हैं तो आप ईश्वर की आराधना करते हैं। जब आप किसी रोते हुए को हँसाते हो तो ईश्वर आपकी आराधना करता है। दुनिया के सामने रोने की आवश्यकता नहीं है। जब पाँच सेकंड मुस्कुराने से फोटो अच्छी आ सकती है तो जिंदगी भर मुस्कुराने से जिंदगी क्यों नहीं अच्छी हो सकती। राजनीतिक लोग पार्टियाँ बदल लेते हैं, बैनर बदल लेते हैं, भाषण बदल जाता है, टोपी बदल जाती है, लेकिन टोपी के नीचे जो खोपड़ी है वही नहीं बदलती। मैं कहता हूँ टोपी को नहीं, खोपड़ी बदलो। आप अपने से बेखबर हैं।

## कहानी

# किस बात का डर



''इस सुगन्धा ने इसके किरोदार पवन जी से शादी कर ली.''

''अरे ये 60 वर्ष की विधवा हैं. दो बेटे एक बेटी माँ होते हुए इस उम्र में शादी कर ली. क्या यह अच्छा किया ?''

''अच्छा तो नहीं किया. पवन जी में ऐसा क्या आकर्षण दिखा ?''

''अरे बुढ़ापे में यह कैसा आकर्षण ?''

''अरे भाई शरीर बुढ़ा जरूर हो जाता हैं. परन्तु दिल जवान होता हैं.''

''सुना हैं पवन जी के दो लड़कें. जो इंजीनियर कालेज में पढ़ रहे हैं. इनकी पत्नी बहुत पहले ही इनका साथ छोड़कर चली गई.''

''पर सुगन्धा ने अच्छा नहीं किया ?''


''अरे अच्छा ही किया, दोनों को बुढ़ापे में सहारा मिल गया. पवन जी की शासकीय नौकरी हैं. और खुद को पेंशन मिलती हैं अलग से. अगर पवन जी पहले गुजर गये तो उनके पेंशन की हकदार भी हो जायेंगी. मतलब दो-दो पेंशन की हकदार होगी ?

''कुछ भी कहो, सुगन्धा ने दूर की सोची. किरायेदार से ही मूल्य वसूल कर लिया''

कालोनी में यह चर्चा चल रही थी. आगे की चर्चा सुगन्धा न सुन सकी विधवा सुगन्धा के मांग में पुनः सिन्दुर भर गया. पाँव की ऊँगलियों में बिछुए पहनकर फिर सुहाग वाली बन गई. उसने अपने किरायेदार पवन से शादी कर विधवा जीवन से मुक्ति पाली. उसने पवन से शादी क्यों की जबकि वह 60 वर्ष की उम्र में वरिष्ठ नागरिक कहलाती हैं. यह भी सही हैं कि वह तीन संतानों की मां हैं. सबसे बड़ी लड़की शीला हैं. जिसकी शादी कोटा में करके गृहस्थी बसा दी. आज वो दादी और नानी कहलाती हैं. जब पति स्वर्गीय शैलेन्द्र की पेंशन हुई. तब उन्होंने साथ रहने का संकल्प ले लिया था. शैलेन्द्र तहसील कार्यालय में रीडर के पद पर कार्यरत थे. सेवानिवृति के सालभर बाद ही उनका हृदय गति रूकने से देहान्त हो गया. आज उन्हें देहान्त हुए पाँच वर्ष हो गये. तब से अकेली मेहसूस कर रही थी. इसी बीच बेटों ने कितनी बार उसे अपने यहाँ बुलाया. मगर वह इसलिए नहीं गई कि मकान का किराया आता हैं, और कुछ पेंशन. उसका खर्चा चल रहा हैं बीच-बीच में वो बेटों के वहाँ भी रहने चली जाती हैं. मगर वहाँ उसका मन नहीं लगता हैं. एक तो वहाँ के लोग नये जिनसे उसका ताल-मेल नहीं बैठता हैं. दूसरी बात यह है कि बहुओं का रूखा व्यवहार उसके जाने से आजादी में उसे बाधक मानती हैं.

यही कारण है कि वह अपने बेटों के यहाँ अधिक रहना पसन्द नहीं करती हैं. आज से 42 साल पहले जब ब्याह करके इस घर में आई थी. इसी घर में रच बस गई.

पवन से शादी करने के पीछे अकेलापन तो था ही, मगर उसके अकेले पन में छिपा रात के सन्नाटे में तड़पना भी था. जब शैलेन्द्र के साथ गुजारी रातें उसे उत्तेजना पैदा करती हैं. इस उत्तेजना को शांत करना विवाह का प्रमुख हिस्सा भी रहा हैं. कहने को भले ही वो 60 वर्ष की हैं. मगर कभी-कभी उत्तेजना अब भी प्रबल हो उठती हैं.



अब ये पवन कौन हैं ?.... उसका किरायेदार हैं. अकेला हैं उसकी पत्नी बहुत पहले से गुजर गई. जिसके दो लड़के हैं इंजीनियर कालेज में पढ़ रहे हायर सेकेण्डरी में व्याख्याता हैं. एक कमरा और छोटा सा कीचन हैं. खुद रोटी बनाता हैं. जिस दिन आलस आता हैं. होटल में चला जाता हैं. लड़के जब छुट्टियाँ होती हैं. रहने आ जाते हैं. जब वे स्थानान्तर होकर यहाँ रहने आये थे. कमरा ढूंढ़ते-ढूंढ़ते उसके पास आये. दरअसल उन्हें कमरा पसन्द आया. तब मैंने किराया अधिक बताया, उन्होंने मना नहीं किया. होटल से अपना सारा सामान ले आये. अभी रहते उनको छः महीने भी नहीं हुए थे कि उन दोनों के बीच आँखों में जो लाज का पर्दा था, वह हट चुका था. खुलकर बातें करने लगे कभी-कभी साथ-साथ घूमने भी जाने लगे. ऐसे में एक दिन उसने पूछ लिया था- पवन जी, आपकी बीवी को गुजरे काफी साल हो गये. उसके साथ हम विस्तर हुये. वो याद सताती हैं कि नहीं.

''अरे सुगन्धा जी, वो यादें बहुत तड़पाती हैं.''

''तब तड़प कैसे मिटाते होंगे ?''

''बस तकिया लेकर ?''

''भला तकिये से कभी तड़प मिटी हैं. ऐसे में किसी औरत के पास ......''

''इच्छा बहुत होती हैं'' बीच में ही बात काटकर पवन बाले- ऐसी कोई औरत मिल जाय, जिससे मैं शादी कर सकूं.

''सचमुच में आप शादी करने के इच्छुक हैं ?'' कामुकता भरी दृष्टि डालकर सुगन्धा ने कहा.

''हाँ कोई मेरी हम उम्र औरत करने को तैयार हो तो मैं भी करने को तैयार हूँ. जात-पात नहीं देखूंगा.'' जब पवन जी ने यह बात कहीं तब सुगन्धा अपना आँचल गिरा चुकी थी. उसके भीतर आग सुलग उठी. वासना भरी दृष्टि से बोली- क्या आप मुझसे शादी करेंगे ?

''मगर आप उमर में मुझसे बड़ी हैं.''

''बड़ी हुई तो क्या हुआ, आप जैसी तड़पन मुझमें भी हैं. आपको मैं भरपूर आनन्द दूंगी. दरअसल इसी कारण विधवा के दंश से मुक्त होना चाहती हूँ. ताकि खुलकर सेक्स का आनन्द उठा सकूं.'' कहकर सुगन्धा ने अपने अन्दर की बात स्पष्ट कर दी.

''मगर सुगन्धा जी शादी हेतु आपके बच्चें क्या तैयार होंगे ?

''बच्चों का तो मैं नहीं कह सकती, मगर बहुए जरूर खुश होंगी, फिर शादी हमको करना हैं. इससे बच्चों का सहमत होना जरूरी नहीं.'' कहकर सुगन्धा ने अपना खुलासा कर दिया.

फिर क्या शादी के लिये दोनों ही रजामन्द हो गये. फिर उन्होंने उस दिन खुलकर शारीरिक आनन्द लिया. फिर क्या कभी वो उसके बेडरूम में तो वे उसके बेडरूम में रातें गुजारने लगे. आखिर उनके संबंधों को लेकर कालोनी वाले ऊँगलियाँ उठाने लगे. जब समाज में अधिक ऊँगलियाँ उठने लगी, तब सुगन्धा पवन से बोली - अब हमें किसी मंदिर में शादी करके लोगों का मुँह बन्द कर देना चाहिए.

''हाँ सही कहती हो सुगन्धा. लोग ज्यादा ही हमारे संबंधों को लेकर ऊँगलियाँ उठाने लगे हैं. ताकि लोगों की जुबान बन्द हो जाये.''

इस तरह फिर उन्होंने मंदिर में चुपचाप कुछ अपने मित्रों के साथ शादी कर ली. हाँ सुगन्धा ने दोनों लड़के और लड़की की सूचना शादी करने के बाद दी. मगर पवन जी के दोनों लड़के शादी में भी शरीक हुए. जैसे मंदिर में आये वैसे ही शादी के बाद चले गये. बाद में दोनों लड़कों का फोन आया था. आपने शादी करी कोई आपत्ति नहीं.

''क्या सोच रही हो सुगन्धा ?'' आगे वह सोच नहीं सकी. पवन ने आकर जब यह कहां तब वह अतीत से वर्तमान में लौटी. आगे पवन फिर बोले- बहुत गहरे विचारों में डूबी हुई थी.

''हमारी शादी कॉलोनी वालों को रास नहीं आ रही हैं''

''क्यों उनके पेट में क्यों मरोड़ उठ रही हैं ?'' पवन ने कहाँ.

''टिप्पणियाँ करके आलोचना कर रहे हैं ? विशेषकर मुझे लेकर ''

''घबराओं मत सुगन्धा, थोड़े दिन ये टिप्पणियाँ कर लेंगे. फिर चुप हो जायेंगे. बस हमारी शादी से हमारे बच्चे खुश हैं. फिर कालोनी वालों से क्या लेना ?'' समझाते हुए पवन बोले- ये कालोनी वाले तो यूँ ही चिल्लाते रहेंगे. अगर तुमको ज्यादा ही तकलीफ हो, तो कुछ दिन के लिये बाहर चले. मैं छूट्टियों की अर्जी लगा देता हूँ.

''नहीं टिप्पणियों के डर से हम भाग जाये. यह मुझे अच्छा नहीं लगेगा. अब तो हम पति-पत्नी हो गये हैं. तो किस बात का डर ?'' कहकर सुगन्धा ने जब यह बात कहीं तब पवन ने सुगन्धा को अपनी बाँहों में भर लिया. कभी शैलेन्द्र भी इस तरह उसे बाँहों में भरा करते थे.

**रमेश मनोहरा**
**शीतला माता गली, जावरा**

# सड़क का विकास और नेताजी



हमारे यहाँ सारे धँधे सालों से मँदे चल रहें हैं. लेकिन नेताजी के धँधे की पौ बारह है. नेताजी , दिन - दुगनी और रात चौगुनी तरक्की कर रहें हैं. सड़क के धँधे में सालों से रस है. सड़क बनाने का धँधा बहुत ही बेशर्मी से फल फूल रहा है. हमारे यहाँ एक नेताजी थे . उनका नाम सड़कछाप नेता जी था. पहले वो सड़कछाप ही थे. पकैटमारी से लेकर हवाला तक का उनका कारोबार था. फिर वे जमीन खरीद- बिक्री करने लगे. पहले अवैध तरीके से जमीन कब्जवाते थे. फिर उसको ही पैसे लेकर खाली करवाते थे. उलटफेर करने का उनमें बहुत ही दुर्लभ गुण था. ऐसा गुण सहस्त्राब्दियों में किसी - किसी व्यक्ति में पाया जाता है. ऐसे उलटफेरी थें हमारे सड़कछाप नेताजी. ऐसा उलटफेर वो करते की बहुत बड़े-बड़े उलटफेरी भी उनके - उलट - पुलट करने की उनकी कला से डरे- सहमें से रहते थे. या दाँतो तले ऊँगलियाँ दबाते थे. इसी उलट पुलट की कला के कारण नेताजी ने सड़क - पथ और परिवहन मंत्रालय बहुत चाव से चुना था. पथ , परिवहन मंत्रालय उन्हें सनी लियोनी की तरह दुधारू गाय की तरह लगता था. वो उलट पुलट करने में मास्टर थे. वो पहले चुनाव में जिस सड़क का शिलान्यास करते. वो अगले चुनाव तक उदघाट्न की बाट जोहती रहती . बजरी और रोड़ी डालकर वो किसी तरह साल दर साल काटते. और अगले पाँच साल तक वो उसको अधर में लटकाये रहते. ऐसा नहीं है कि उन्होनें सड़क नहीं बनवाई थी . सड़क बनवाई थी .

लेकिन ऊँगलियों पर गिनने लायक. वो भी अपने लोकसभा के क्षेत्रों में. बाकी क्षेत्रों के विकास में नेताजी सालों से लगे हुए अथक प्रयास कर रहे थे. नेताजी का ये अथक प्रयास कभी खत्म ही नहीं होता था.

नेताजी को सड़क खेत की तरह लगता था . वो सड़क खोदने और बनाने का काम सालों से करते आ रहें थे. एक ही सड़क को वो बार - बार खोदते थे. और बार - बार बनाते थे. आप पूछेंगे ऐसा क्यों. तो सड़क का उनके पास एक बहुत ही व्यापक गणित है. कोलतार से लेकर बजरी तक. रेत से लेकर रोलर तक. सब तो नेताजी का ही है.



बार - बार खोदकर करते हैं. और शहर के लोगों और उनकी गाड़ियों का सत्यानाश इन्हीं सड़को की कृपा से होता है.



## व्यंग्य
## तीसरी आँख

नेताजी को सड़क दुधारू गाय की तरह लगती है. नेताजी सुबह शाम सड़क को दूहते रहते हैं. सड़क में गड्ढें हैं , तो अच्छे हैं. एक ही सड़क बार - बार टूटने से बार - बार नेताजी का बजरी , कोलतार बिकता है. सौ रूपये की बजरी का बिल दस हजार का बनता है. नेताजी का शहर है. तो नेताजी के लोग भी हैं. आखिर नेताजी का काम जनसेवा करना ही तो है. तो हमारे जो नेताजी हैं. वो जनता की सेवा एक ही सड़क को बार - बार खोदकर करते हैं. और शहर के लोगों और उनकी गाड़ियों का सत्यानाश इन्हीं सड़को की कृपा से होता है.

दरअसल इन टूटी - खुदी सड़कों ने हमारे नेताजी की अर्थव्यवस्था को बहुत सलीके से सँभाल रखा है. सड़क है तो गड्ढें हैं. गड्ढें हैं तो चोट हैं. चोट है तो मोच है. मोच और चोट है तो अस्पताल है. शहर के सारे छोटे बड़े अस्पताल लगभग हमारे नेताजी के ही हैं. शहर की लगभग सभी दवाईयों की दुकानें हमारे नेताजी की ही हैं . सरकारी अस्पताल में लोग जायेंगे नहीं. कारण की सरकारी अस्पताल खुद बीमार हैं. नेताजी के हेर-फेर के बहुत से किस्से हैं. वो अपनी दुकानों की एक्सपायरी दवाईयाँ सरकारी अस्पतालों में रखवा देते हैं. सरकारी अस्पतालों की दवाईयाँ अपनी दुकान पर बेचते हैं. इस हेर फेर से हमारे नेताजी सालों से हमारी जनता की सेवा इसी तरह से करते आ रहें हैं. नेताजी का एक पूरा का पूरा शहर है. उसके अंदर एक अर्थव्यवस्था चलती है. जो नेताजी की है.

नेताजी के गैराज हैं. नेताजी के प्लबर और मिस्त्री हैं. अब आप पूछेंगे की सड़क , अर्थव्यवस्था, गैराज , अस्पताल, दवाई की दुकान , प्लंबर और जलपान की दुकान के बारे में मैं आपको भला क्यों बता रहा हूँ . दर असल जब नेताजी को सड़क खोदने और बनाने के काम के अलावे और दूसरे कामों से कैसे कमाई जाये. इसके बारे में जब सूझा. तो इसका उन्होनें अचूक उपाय खोज निकाला .

वो बार - बार चाहते हैं. कि लोग और अपनी हड्डी पसली तुड़वाएँ . और नेताजी की अर्थव्यवस्था को उन्नत बनाएँ . आपकी हड्डी अगर टूटी तो आप शहर बाद में जायेंगे. सबसे पहले आप अस्पताल जायेंगे. जो नजदीकी अस्पताल हमारे नेताजी का है. उसमें आपको भर्ती होना होगा. दवाईयाँ जो खरीदनी होगी. वो नेताजी के दवाई की दुकानों से ही खरीदनी होगी. कारण की शहर भर के लगभग दवा की सभी दुकानों पर नेताजी कुँडली मारकर बैठे हुए हैं.

अब अस्पताल में हैं. तो बहुत दूर जाकर नश्ता-पानी भी नहीं कर सकते. वहीं नेताजी ने हैसियत के मुताबिक ( नेताजी की हैसियत नहीं बल्कि जनता की हैसियत के मुताबिक ) शहर में फाइव स्टार से लेकर टू स्टार होटल तक खोल रखा है. जब आप बीमार पड़े हैं. तो सड़क के गड्ढों से आपका दो पहिया चार पहिया भी सड़क में गड्ढे या गड्ढों में सड़क के कारण दाँत चियार ही चुका होगा. मान लीजिये परलोक ना सिधारा हो. हो सकता है , बच गया हो. तो उसका डेंटिंग-पेंटिंग तो करवाना ही होगा. इसके लिये नेताजी ने पार्टस - पुर्जो का एक गैराज खोल रखा है. और उसका वो आटोमैटिक कंप्यूटराइजड बिल भी देते हैं. इस तरह नेताजी ने अपना और अपनी जनता का जो विकास किया है. उसके लिए जनता तहेदिल से नेताजी का शुक्र गुजार है !

**महेश कुमार केशरी**
**ष्ट/ह्र -मेघदूत मार्केट फुसरो**
**बोकारो झारखंड**
**पिन 829144**

## कहानी

# दृष्टिकोण

समधी जी के पुत्र के विवाह समारोह में शिरकत करने के बाद



तपेश जी अपने परिवार के साथ उदयपुर लौटने के लिए जयपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। तपेश जी ने डिस्प्ले पर देखा। ट्रेन दस मिनट विलंब से चल रही थी।

आशा,शादी समारोह में आने जाने से नये रिश्तों की शुरूआत होने लगती है। तपेश जी ने नाक पर चश्मा चढ़ाते हुए कहा।

सही कह रहे हैं आप। जो बातें फोन पर नहीं हो सकती,वे रूबरू मिलने से अच्छी तरह से हो जाती है। भगवान करे अपनी शीला का रिश्ता जल्दी बैठ जाय! आशा ने सहजता से कहा।

चिंता मत करो। भगवान सब ठीक करेगा। हमने दो तीन रिश्तों की बात को आगे बढ़ाया है। उन लोगों ने कुंडली मिलाने के लिए कहा है। मुझे विश्वास है कि तीन में से एक तो मिलेगी। तपेश जी ने आशा भरे स्वर में कहा।

मुझे भी पूरी उम्मीद है। आशा ने हंसते हुए कहा।

एंजिन की सीटी बजते ही बातचीत का क्रम. का। थोड़ी देर बाद ट्रेन प्लेटफार्म पर आकर. की। तपेश जी अपनी धर्मपत्नी और पुत्र के साथ रिजर्वेशन कॉच में अपनी सीटें देखकर सामान रखने लगे। तपेश जी की धर्मपत्नी आशा की बर्थ पर एक महिला बैठी हुई थी और पास में उसका ढेड़ दो साल का बेटा लेटा हुआ था।

आपकी बर्थ कौनसी है? आशा ने महिला से पूछा।

वो मीडिल वाली बर्थ मेरी है। महिला ने सहजता से कहा।

तो फिर आप अपनी बर्थ पर आ जाइये। तपेश जी के बेटे दिनेश ने अपने हक की बात करते हुए कहा।

जी। महिला ने नम्रतापूर्वक कहा और बर्थ से उठने की तैयारी करने लगी।

नहीं बेटा दिनेश,इनको यहीं पर रहने दें और तू मीडिल वाली बर्थ पर सैट हो जा। आशा ने शांत भाव से कहा।

लेकिन मम्मी,वो तो अपनी बर्थ है। दिनेश ने दबे आक्रोश के साथ धीमे स्वर में कहा।



हां है लेकिन इस समय इस बर्थ की इस बच्चे को जरूरत है।तपेश जी ने अपनी विशिष्ट शैली में दिनेश से कहा।

ठीक है पापा,अभी मीडिल बर्थ पर आ जाता हूं। दिनेश ने बेमन से कहा।

वह महिला मन ही मन हमारा आभार मानते हुए मुस्कुरा दी और इत्मीनान से अपने बेटे के साथ ओढ़ कर सो गई।

ट्रेन चित्तौड़गढ़ पहुंचने से पहले महिला सीट पर बैठ गई। उसने अपना सामान जमाया और ट्रेन के. कने का इंतजार करने लगी।

आप चित्तौड़गढ़ उतर रही हैं। आशा ने उत्सुकता से पूछा।

जी मेरे पति की सर्विस यहीं पर है। मेरी सास की तबियत अचानक बिगड़ने के कारण मुझे जल्दी में रिजर्वेशन कराना पड़ा। आप लोगों का सहयोग रहा जो आपने मुझे एडजेस्ट किया। महिला ने बच्चे को गोद में उठाए अपने बैग के साथ बर्थ से उठते हुए कहा।

ऐसे सहयोग तो हमें करते रहने चाहिए। आपके पास छोटा बच्चा देखकर मुझे लगा कि हमसे ज्यादा सीट की जरूरत आपको है। आशा ने स्नेह भाव से कहा।

आपका बहुत बहुत आभार। महिला ने हाथ जोड़कर कहा।

ट्रेन चित्तौड़गढ़ प्लेटफार्म पर. की। वह महिला अपने बच्चे के साथ जा चुकी थी। प्लेटफार्म पर चाय कॉफी की आवाजें सुनकर दिनेश की नींद खुली। तीनों ने पानी पीने के बाद चाय पी।

वो महिला कहां उतर गई? दिनेश ने उत्सुकता से पूछा।

अभी अभी चित्तौड़गढ़ पर उतरी है। आशा ने सहजता से कहा।

अच्छा हुआ। अब उदयपुर तक आराम से सोऊंगा। कल रात शादी में दो बजे सोया था। दिनेश ने इत्मीनान से कहा।

हां मुझे पता है कि तुझे नींद की आवश्यकता है लेकिन कभी तू किसी बात को गहराई से सोचा कर! आशा ने शांत भाव से कहा।

क्यों क्या हुआ? दिनेश ने उतावलेपन से पूछा।

दो मिनट के लिए कल्पना कर कि तेरी बीबी तेरे बेटे के साथ ऐसी स्थिति में यात्रा कर रही हो तब तू क्या अपेक्षा रखेगा? आशा ने कनखियों से देखते हुए पूछा।

मम्मी, यही अपेक्षा करूंगा कि कोई सहयात्री उनके साथ एडजेस्ट कर ले। दिनेश ने हंसते हुए कहा।

बस यही तो हमने किया जरा सा एडजेस्ट किया तो उसका काम भी हो गया और हमारा भी कोई नुक्सान नहीं हुआ। साढ़े तीन घंटे के सफर में तुझे अपनी बर्थ पर सोने को नहीं मिला! तपेश जी ने शांत भाव से कहा।

जी पापा,आप सही कह रहे हैं। अपने भारी मन से दिनेश ने स्वीकारते हुए कहा।

अब तू अपनी बर्थ पर आ कर लेट जा। आशा ने हंसते हुए कहा।

दिनेश के दिमाग में कई बातें हलचल मचा रही थी। उसने तय किया कि आगे से हमेशा सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएगा। अपने विचारों को दृढ़ संकल्पित कर दिनेश मम्मी पापा के उठाने पर उदयपुर रेलवे स्टेशन पर उतरा। ऑटो रिक्शा से तीनों घर पहुंचे।

**तरुण कुमार दाधीच**
**36, सर्वऋतु विलास,मेन रोड, उदयपुर (राज) 313001**



## सिद्धीविनायक गणेश

इंदौर। पार्श्वनाथ नगर के सेक्टर ए-बी में कालोनी के बच्चों द्वारा सिद्धीविनायक गणेशजी की भव्य आकर्षक मूर्ति की स्थापना की गयी। दस दिवसीय गणेश उत्सव में सुबह-शाम सिद्धीविनायक गणेशजी की आराधना की जाती है। **फोटो - प्रेमनारायण वेद**



## बप्पा को छप्पन भोग लगाया

ओमकार मार्ग गांधीनगर के राजा को महा आरती के पश्चात बड़े ही श्रद्धा के साथ छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाकर कॉलोनी में प्रत्येक घर पर वितरित किया गया । इस अवसर पर देवेंद्र लखानी जी द्वारा महा आरती में भाग लेने वालें लोगों का आभार व्यक्त किया गया।

**विजय डागा निर्मल, गांधी नगर**

## मंगलमूर्ति मित्र मंडल द्वारा गणेश उत्सव मनाया जा रहा



मंगलमूर्ति मित्र मंडल द्वारा गोविन्द कॉलोनी मे 14 वर्ष से गणेश उत्सव मनाया जा रहा है जिसमे हर साल यह प्रतियोगिताएं कराई जाती हैं नित्य प्रतिदिन महाआरती, रंगारम कार्यक्रम, खेल कूद गतिविधियां बच्चों को कराई जाती हे और बच्चों को इनाम भी दिया जाता है सुन्दर कांड पाठ औरभंडारा भी कराया जाता है।

## सर्वाइकल कैंसर डिटेक्शन कैंप का आयोजन



इंदौर । रोटरी क्लब आफ इंदौर, इंदौर गैलेक्सी, इंदोर वैली, इंदौर अहिल्या,इंदौर ग्रेटर के तत्वाधान में सर्वाइकल कैंसर डिटेक्शन कैंप का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर मुथु कुमार चेन्नई, डॉक्टर भुवन्ना शर्मा बैंगलोर, डॉ यशलाह इंदौर, डॉ कविता झा इंदौर, सर्वज्ञ भटनागर, सुधा भटनागर, संगीता पटेल, सरजीव पटेल, राकेश बमोरिया, डॉ विजया लाड, ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया । यह केंप का आयोजन रॉबर्ट नर्सिंग होम इंदौर में आज और कल किया जा रहा है, दूसरे चरण का कैंप उज्जैन में होगा, तीसरे चरण का केंप अपना मेघनगर कैंप होगा ।

# सोयाबीन की फसल पीली पड़ने से किसानों की चिंता बढ़ी, व्यापक नुकसान की आशंका

देपालपुर। ग्रामीण अंचल में सोयाबीन की फसल अब पीली पड़ने लगी है और कई खेतों में पौधे सूख गए हैं। इस बार मानसून की शुरुआत में अच्छी वर्षा होने के बाद किसानों ने जून में ही सोयाबीन की बोवनी कर दी थी, उन्हें उम्मीद थी कि फसल अच्छी होगी। लेकिन अब उनकी मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है।



अभी अच्छे से सोयाबीन पके भी नहीं हैं और पीले पड़ रहे हैं। सोयाबीन में पीलेपन की मुख्य समस्या ज्यादा वर्षा और कई बार लंबी अवधि की खेंच के कारण आती है। बोवनी के बाद 20-25 दिन वर्षा नहीं हुई, जिससे पौधा कमजोर हो गया। इसके बाद अधिक वर्षा हो गई और जड़ों में पानी लगा रहा। लगातार वर्षा और फसल को धूप नहीं मिलने से यह स्थिति बनी है। कुछ क्षेत्रों में कीटों का असर भी देखने को मिला था, हालांकि वह अब खत्म हो गया है। किसानों का कहना है कि पानी और कीट पतंगों के कारण फसलों को नुकसान हो रहा है। कृषि जानकारों के अनुसार, खरपतवार खत्म करने के लिए किसानों ने दवाइयों का उपयोग किया है।

फसलें पहले से अधिक कमजोर थीं और फिर दवा डाल दी गई। ऐसे में पानी ज्यादा गिर गया और दवा असर नहीं कर सकी। बनेडिया, खिमलावदा, करजोदा, कटकोदा, अटाहेडा, बान्याखेड़ी, उजालिया और आसपास के क्षेत्र में कई किसानों की सोयाबीन फसल पीली पड़कर सूख रही है।

किसान अर्जुनसिंह पंवार और गोकुल सिंह पंवार ने बताया कि 12 बीघा की सोयाबीन फसल खराब हो गई है। इसके अलावा कई खेतों में अफलन की स्थिति है और 25 प्रतिशत खेती में सोयाबीन की फसल खराब हुई है। पथरीली जमीन वाले ज्यादातर खेतों में फसल पीली पड़ गई है।

बड़े किसानों को तो ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन 5-10 बीघा में खेती करने वाले किसानों की स्थिति खराब है। किसानों ने बताया कि इस बार जल्दी वैरायटी की फसल जो 3 माह में आने की है, वह 3 माह से पहले आ चुकी है। खेत में सोयाबीन के पत्ते पीले पड़ चुके हैं और मौसम के बदलने के बाद काटने के कगार पर हैं। किसानों का कहना है कि अधिकारी ने दौरा नहीं किया है और उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है।

इस स्थिति में किसानों की चिंता बढ़ गई है और उन्हें फसल के नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने प्रशासन से अपील की है कि वे जल्द से जल्द उनकी समस्याओं का समाधान करें और फसल के नुकसान की भरपाई के लिए उचित मुआवजा प्रदान करें। किसानों का कहना है कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो उनकी आर्थिक स्थिति और भी खराब हो सकती है।

अभी तक प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन उम्मीद है कि जल्द ही अधिकारी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे और किसानों की समस्याओं का समाधान करेंगे।






## लोकप्रिय जननेता आकाश विजयवर्गीय ने जन्मदिन के अवसर पर चलाया भाजपा का सदस्यता अभियान

**इन्दौर, राष्ट्रीय जनभावना।** लोकप्रिय जननेता श्री आकाश कैलाश विजयवर्गीय ने आज अपने जन्मदिन के अवसर पर शाम को बाबा श्री गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया जिसमें 1000 से भी अधिक रजिस्ट्रेशन हुए, इस मौके पर आकाश विजयवर्गीय ने कहा कि आज जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित किए गए कार्यक्रमों में भी हमने भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और कुछ ही घंटो में 1000 से भी अधिक रजिस्ट्रेशन हुए जिसमे हजार से अधिक लोग भाजपा के सदस्य बने। विधानसभा 1 सदस्यता अभियान के मामले में पूरे मध्य प्रदेश में एक नंबर पर चल रही है और हमारा लक्ष्य है कि सदस्यता अभियान में ज्यादा से ज्यादा भाजपा के सदस्य बनाकर विधानसभा क्षेत्र क्र 1 को देश में नंबर 1 बनाए। कार्यक्रम में श्री आकाश विजयवर्गीय के पिता एवं मध्यप्रदेश के मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, माताजी श्रीमति आशा विजयवर्गीय, पत्नी श्रीमती सोनम विजयवर्गीय,श्री कल्पेश विजयवर्गीय और परिवार के सभी सदस्यों के साथ हजारों की संख्या में बधाई देने पहुंचे इंदौर शहर एवं प्रदेश से आए शुभचिंतक मौजूद थे।

## लघुकथा पर गंभीर विमर्श के साथ प्रदेशभर से आए लघुकथाकार करेंगे लघुकथा पाठ

इन्दौर। हिन्दी भाषा और उसकी विधाओं के प्रचार के लिए प्रतिबद्ध मातृभाषा उन्नयन संस्थान व श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति के संयुक्त तत्त्वावधान में हिन्दी महोत्सव 2024 के अन्तर्गत शनिवार को समिति सभागार में दोपहर 1 बजे से लघुकथा मन्थन 2024 आयोजित किया जा रहा है।

हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित मन्थन तीन सत्रों में सम्पन्न होगा, जिसमें विमर्श, सम्मान, लघुकथा पाठ एवं लोकार्पण होगा। आयोजक संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अर्पण जैन 'अविचल' ने बताया कि 'इन्दौर हिन्दी और लघुकथा का गढ़ रहा है, इसी दृष्टि से लघुकथा का मन्थन इन्दौर में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन के उद्घाटन सत्र में 'हिन्दी के बढ़ते वैश्विक चरण% विषय पर ख्यात वीणा के संपादक राकेश शर्मा विमर्श करेंगे। मंथन के प्रथम सत्र में %लघुकथा के मानक और गुणवत्ता% विषय पर भोपाल से कान्ता रॉय के मुख्य आतिथ्य में, डॉ. पद्मा सिंह की अध्यक्षता व भोपाल के वरिष्ठ लघुकथाकार घनश्याम मैथिल के विशिष्ट आतिथ्य में विमर्श होगा।

दूसरे सत्र में मुख्य अतिथि भोपाल से वरिष्ठ लघुकथाकार गोकुल सोनी व अध्यक्षता डॉ. पुरुषोत्तम दुबे की अध्यक्षता रहेगी व वरिष्ठ लघुकथाकार सीमा व्यास जी का विशिष्ट आतिथ्य रहेगा। तृतीय सत्र में इन्दौर के लोकप्रिय सांसद शंकर लालवानी के मुख्य आतिथ्य, भोपाल के साहित्यकार मुज़फ़्फ़र इक़बाल सिद्दकी की अध्यक्षता व इन्दौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरविंद तिवारी का विशिष्ट आतिथ्य रहेगा।

## सनातन धर्मावलंबियों में दृढ एकता की महती आवश्यकता



इंदौर। आने वाले दशकों में भारतीयता को सशक्त रखना हो तो सनातन धर्मावलंबियों में दृढ एकता व साहस की महती आवश्यकता है। सनातन धर्म भारत की वास्तविक शक्ति है।

यह विचार लब्ध प्रतिष्ठित वैश्विक कलाकार, चित्रकार, लेखक, काव्य सर्जक संत साधु बाबा सत्यनारायण मौर्य ने अंतरराष्ट्रीय कवि प्रोफेसर राजीव शर्मा एवं महर्षि महेश वैदिक कॉलेज के प्राचार्य डॉ डी एस चौहान के साथ सौजन्य वार्ता एवं बाबा की विशाल ग्रंथ लाइब्रेरी के अवलोकन के दौरान व्यक्त किये. बाबा मौर्य ने आशीर्वाद स्वरूप राष्ट्रदेव श्रीराम एवं मेरा भारत महान पुस्तकें भेंट कीं।

# चिमनखेड़ी के किसान जुगल भगत ने ईमानदारी की मिसाल पेश की

## लाखों रुपये लौटाकर किसान ने दिखाया ईमानदारी का उदाहरण

देपालपुर। समीपस्थ ग्राम चिमनखेड़ी के किसान जुगल भगत ने ईमानदारी की मिसाल पेश की। किसान अपनी लहसुन बेचने के लिए चोइथराम मंडी, इंदौर गए थे, जहां मेसर्स छोगाला फरूट्स ऐंड संस, दुकान नंबर 2 ने लहसुन खरीदी थी।



दुकान मालिक ने 137746 रुपये का पेमेंट 6 मार्च 2023 को सुबह जुगल भगत के अकाउंट में डाल दिया, लेकिन गलती से वही पेमेंट शाम को दोबारा आरटीजीएस से डाल दिया गया। किसान ने पहले बैंक जाकर पूछा कि उनके खाते में पैसा आया है, लेकिन बैंक वालों ने बताया कि यह खाता बाहर का है और वे इसकी जानकारी नहीं दे सकते। बैंक स्टेटमेंट निकालने पर पता चला कि पेमेंट मेसर्स छोगाला एंड संस, दुकान नंबर 2, इंदौर से आईडीएफसी बैंक के माध्यम से आया है। किसान ने स्वयं मोबाइल लगाकर दुकानदार को इस बारे में बताया। दुकानदार बहुत खुश हुए और कहा कि आज के समय में कोई भी अपने अकाउंट में आए 1000 रुपये भी नहीं लौटाता, लेकिन चिमनखेड़ी के किसान ने लाखों रुपये लौटाने की बात कही। व्यापारी ने कहा कि आप पेमेंट मत डालना, मैं खुद आपके पास आऊंगा। व्यापारी अपने परिवार सहित किसान के घर पहुंचे और किसान को गले लगाकर धन्यवाद दिया।

व्यापारी ने फूलों की माला, शाल और श्रीफल देकर किसान का सम्मान किया। इस अवसर पर व्यापारी ने भगत परिवार को अपने घर पर भोजन का निमंत्रण दिया और मंडी में भी सम्मान करने की बात कही। इस मौके पर बालक भगत, गोपाल भगत, चिंटू भगत, सचिन पटेल, निलेश ठाकुर, अर्जुन ठाकुर, प्रेमजीत भगत, हिमांशु भगत और तनिष भगत उपस्थित थे।

# रिहायशी इलाके में गैस सिलेंडरों का भंडारण, अवैध रिफिलिंग करने वालों के विरूद्ध की जायेगी प्रभावी कार्रवाई

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** इंदौर जिले में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन और अपर कलेक्टर श्री गौरव बैनल के मार्गदर्शन में प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। खाद्य विभाग के जांच दल द्वारा आज मूसाखेड़ी मेन रोड़ स्थित बर्तन दुकान मंगलम स्टील पर छापामार कार्रवाई की गई। मौके पर घरेलू उपयोगी गैस सिलिंडर से छोटे 3 किग्रा क्षमता के गैस सिलिंडर में रिफिलिंग की जा रही थी। आरोपी मनीष जोशी से 14.2 किलोग्राम क्षमता के 6 घरेलू गैस सिलिंडर जब्त किए गए। मनीष जोशी के द्वारा घरेलू गैस सिलिंडर से छोटे गैस सिलिंडर में रिफिलिंग का कार्य करते हुए मौके पर पाए जाने, रिहायसी इलाके में रिफिलिंग जैसा खतरनाक कार्य किए जाने से इनके विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3, 4 अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया। रिहायशी इलाके में गैस सिलेंडर भंडारण, अवैध रिफिलिंग इत्यादि विस्फोटक दृष्टि से खतरनाक हो सकता है। आमजन की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य विभाग द्वारा आमजन से यह अपील की गई है कि किसी भी रिहायसी इलाके में, कॉलोनी, गली-मोहल्ले में कहीं पर भी गैस सिलेंडर का अवैध भंडारण, कारोबार, वाहनों आदि में गैस रिफिलिंग का कार्य किसी के द्वारा किया जाता है तो विभाग के मोबाइल नंबर 9009512393, 9752305142 पर फोन या व्हाट्सएप पर शिकायत या सूचना देवें। शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।।



## समाजसेवी नितिन रघुवंशी की निशुल्क स्वास्थ्य सेवा वरदान साबित हो रही



इंदौर। बारिश के मौसम के उपरान्त होने वाली बीमारियाँ एवं संक्रमण से बचाव उपचार हेतु सभी गांव और शहरों में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा घर घर का आयोजन समाज सेवी नितिन रघुवंशी द्वारा किया जा रहा है। जिसमें सभी प्रकार की जांचे निशुल्क करवाई जा रही हैं निःशुल्क दवाईयाँ एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी परीक्षण की व्यवस्था की जा रही है ओर सभी स्कूलों में भी बच्चों और टीचर की भी जांचे की जा रही है अभी तक इंदौर, देवास, उज्जैन और इनके आस पास के गांव में अभी तक समाज सेवी नितिन रघुवंशी की टीम पहुंची है समाज सेवी नितिन रघुवंशी की टीम ने बताया इस काम को करने के लिए 10 टीम बना कर रखी है एक टीम में 6 लोग हैं जो घर घर जाकर लोगो इलाज कर रहे है इस पूरे अभियान की सबसे अच्छी बात यह है कि इसमें इंदौर के साथ ही बाहरी राज्यों के डॉक्टर भी लोगों की जांच कर रहे हैं निशुल्क जांच के लिए आप भी समाज से नितिन रघुवंशी से संपर्क कर सकते हैं उनके हेल्पलाइन नंबर 9201220092 ।

## नवागत एसपी ने किया पदभार ग्रहण



**रतलाम।** रतलाम पुलिस अधीक्षक राहुल लोढ़ा का स्थानांतर भोपाल रेलवे पुलिस अधीक्षक पद पर होने के पश्चात गुरुवार दोपहर पश्चात नरसिंहपुर से आए आईपीएस अमित कुमार सिंह ने रतलाम पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया, जहां पर निवर्तमान एसपी ने उनका गूलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

## ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने रतलाम वृत में बिजली आपूर्ति

**रतलाम ।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बुधवार को रतलाम में बैठक लेकर विद्युत वितरण कंपनी के रतलाम वृत मे बिजली आपूर्ति कार्य की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्य अभियंता उज्जैन श्री बी एल चौहान, अधीक्षण यंत्री श्री बेंजामिन फ्रैंकलिन, अतिरिक्त मुख्य अभियंता इंदौर श्री सुरेश वर्मा सांसद प्रतिनिधि श्री प्रदीप चौधरी श्री निमिष व्यास सिटी इंजीनियर श्री विनोबा तिवारी उपस्थित थे। नाराजगी व्यक्ति की जानकारी में बताया गया कि रतलाम शहर में 69469 स्मार्ट मीटर स्थापित कर दिए गए हैं। जावरा शहर में 12746 मीटर लगाए गए हैं, स्मार्ट मीटर लगाए जाने से बिलिंग क्षमता संग्रहण क्षमता में इजाफा हुआ है। मंत्री ने जानकारी ली कि मीटर खराब होने पर कितने दिन में बदले जाते हैं इसमें अनावश्यक समय नहीं लगे यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री तोमर ने जिले में पिछले 1 वर्ष में बिजली चोरी के प्रकरण तथा उनके निराकरण की जानकारी आठ दिवस में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। श्री तोमर द्वारा रतलाम वृत में विद्युत देयक, विद्युत अवरोध, वितरण ट्रांसफार्मर खराब होने से संबंधित शिकायतें, बिलिंग क्षमता, संग्रहण क्षमता विजिलेंस चेकिंग आदि की समीक्षा की गई। बैठक में कार्यपालन यंत्री श्री अमित पटेल, श्री शैलेंद्र गुप्ता, श्री महेंद्र मेड़ा भी उपस्थित थे। बैठक के पश्चात मंत्री श्री तोमर द्वारा रतलाम शहर में पोस्ट ऑफिस रोड पर उपभोक्ता के घर स्मार्ट मीटर लगाने के कार्य का निरीक्षण किया गया। बिजली प्रदाय व्यवस्था का फीडबैक भी लिया।

## 14 सितंबर को सभी तहसील एवं जिला न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**रतलाम ।** मध्यप्रदे विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा 14 सितंबर को सभी तहसील एवं जिला न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आपसी समझोते के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इसी तारतम्य में भारत संचार निगम लिमिटेड रतलाम ने भी अपनी राजस्व की लंबित राशि से संबंधित लगभग 1083 प्रकरणों को रतलाम, जावरा, सैलाना एवं आलोट न्यायालयों में प्रस्तुत किया है। नेशनल लोक अदालत 14 सितंबर में प्रस्तुत किए जाने वाले प्रिलिटिगेशन प्रकरणों के लिए रतलाम, जावरा, सैलाना एवं आलोट के न्यायालयों में संबंधित खण्डपीठ के पीठासीन अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। भारत संचार निगम लिमिटेड ने नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष छूट का प्रावधान रखा है। उपभोक्ता अपनी सुविधा के अनुसार प्रकरण के निराकरण के लिए बीएसएनएल के कार्यालय में भी 14 सितंबर के पूर्व भी संपर्क कर छूट का फायदा उठा सकते है। दूरभाष/मोबाइल/एफटीटीएच के लंबित राशि के प्रकरणों से संबंधित उपभोक्ता से बीएसएनएल आपसी समझोते से 10 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक छूट का लाभ लेकर प्रकरण निपटाने की अपील कर सकता हैं।

## मेले में आज तेजाजी की कथा का होगा आयोजन

**रतलाम ।** नगर निगम द्वारा 11 से 13 सितम्बर तक रामगढ़ स्थित श्री सत्यवीर तेजाजी मंदिर परिसर में आयोजित तीन दिवसीय श्री सत्यवीर तेजाजी मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में मेले के तीसरे व अंतिम दिन 13 सितम्बर षुक्रवार को श्री सत्यवीर तेजाजी की कथा का आयोजन किया गया है। महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, निगम आयुक्त हिमांशु भट्ट, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, सामान्य प्रशासन समिति प्रभारी धर्मेन्द्र व्यास, राजस्व समिति प्रभारी दिलीप कुमार गांधी, क्षेत्रिय पार्षद एवं महापौर परिषद सदस्य अक्षय संघवी, विशाल शर्मा, क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती प्रीति कसेरा, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, मनोहरलाल राजू सोनी, रामू भाई डाबी, श्रीमती अनिता कटारा, श्रीमती सपना त्रिपाठी, सामान्य प्रशासन समिति सदस्य परमानन्द योगी पंडित, बलराम भट्ट, श्रीमती कविता चौहान, श्रीमती धीरजकुवंर राठौर, श्रीमती प्रीति कसेरा, श्रीमती कविता महावर, श्रीमती मनीषा चौहान, राजस्व समिति सदस्य रणजीत टांक, योगेश पापटवाल, श्रीमती निशा सोमानी, श्रीमती स्मिता माहेश्वरी, श्रीमती अनिता वसावा, श्रीमती भावना पैमाल, श्रीमती उमा डोई एवं समस्त पार्षदगणों ने नागरिकों से अपील की है कि आज मेले में आयोजित श्री सत्यवीर तेजाजी की कथा में अधिकाधिक की संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेवें।

## बड़ा बनने का मौका है, भाजपा का सदस्यता अभियान- पूर्व प्रदेश महामंत्री विनोद गोटिया

**रतलाम ।** संगठन पर्व में चल रहे भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान की पूर्व प्रदेश महामंत्री और केन्द्रीय व्यवस्था से दस जिलों के प्रभारी विनोद गोटिया ने रतलाम आकर समीक्षा की। विधायक जनसंपर्क कार्यालय पर उन्होंने रतलाम शहर विधानसभा के पार्टी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए कहा कि सदस्यता अभियान बड़ा बनने का मौका है। इसमें अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ कर राजनैतिक दृष्टि से खुद को मजबूत बनाएं। सदस्यता अभियान समीक्षा बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने की। श्री गोटिया ने पार्टी के ज़िला, मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठ पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से सिलसिलेवार सदस्यता अभियान के लिए अब तक किये गये कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचने और भाजपा के सर्वस्पर्शी एवं सर्वव्यापी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आव्हान किया। श्री गोटिया ने कहा कि प्रदेश में बुधवार तक 24 लाख सदस्य बनें। देश में यह आंकड़ा 2 करोड़ से अधिक हो गया है और रतलाम जिले में 41 हजार सदस्य बनें हैं। जिले का लक्ष्य 3 लाख सदस्य बनाने का है, जिसे पूरा करने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को मेहनत करनी होगी। श्री गोटिया ने सदस्यता के लिए नमो एप, बार कोड आदि माध्यमों का उपयोग करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रति विपक्षी दल दुष्प्रचार करते आ रहे हैं, जिसे विफल करने और सही जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए सदस्यता अभियान का डाटा बहुत काम आएगा। पार्टी इसके माध्यम से अपना संदेश करोड़ों लोगों तक पहुंचाएगी। प्रारंभ में जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने जिले में सदस्यता अभियान की जानकारी दी और 24 मंडलों में व्यापक स्तर पर सदस्यता अभियान चलाने का आव्हान किया। सदस्यता प्रभारी जिला महामंत्री निर्मल कटारिया ने अब तक किए गए कार्यों की जानकारी दी। महापौर पटेल ने पार्षदों एवं उनके द्वारा किए गए प्रयासों पर प्रकाश डाला। जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी ने बताया कि बैठक के आरंभ में श्री गोटिया का स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुनिल सारस्वत एवं बलवंत भाटी, जिला कोषाध्यक्ष, जिला मंत्री, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा,निलेश गांधी, सहित भाजपा के विभिन्न मोर्चा, प्रकोष्ठ पदाधिकारी एवं पार्षदगण उपस्थित रहें।

# पत्रकार दुर्घटना और स्वास्थ्य बीमा की प्रीमियम राशि बढ़ाने के विरोध में रतलाम प्रेस क्लब ने ज्ञापन सौंपा

### फर्जी और ब्लेकमेलर पत्रकारों के खिलाफ कार्यवाही की भी मांग

**रतलाम।**

**पत्रकार दुर्घटना और स्वास्थ्य बीमा की प्रीमियम राशि बढ़ाने के विरोध और अन्य समस्याओं को लेकर रतलाम प्रेस क्लब ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और कलेक्टर राजेश बाथम के नाम ज्ञापन सौंपा।**

बड़ी संख्या में उपस्थित पत्रकार कोर्ट चौराहे पर एकत्रित हुए तथा रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पंहुचे। वहां उन्होंने एडीएम शालिनी श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपे।

कलेक्ट्रेट पंहुचकर पत्रकारों ने नारेबाजी भी की। रतलाम प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुकेशपुरी गोस्वामी ने ज्ञापन का वाचन किया। ज्ञापन में कहा गया कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा पिछले कई वर्षों से प्रदेश के अधिमान्य और गैर अधिमान्य पत्रकारों को मध्यप्रदेश जनसंपर्क विभाग द्वारा पत्रकार स्वास्थ एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना का लाभ दिया जा रहा है। पालिसी नवीनीकरण के लिए जनसंपर्क विभाग द्वारा 5 सितंबर को विस्तृत सूचना जारी की गई है। इसमें गत वर्ष की तुलना में प्रीमियम राशि में इस बार बहुत ज्यादा बढ़ोतरी की गई है जो न्यायसंगत नहीं है। संबंधित बीमा कंपनी से चर्चा कर इसे कम करवाया जाना चाहिए। इस बार अधिमान्य पत्रकारों के लिए कुल प्रीमियम राशि में 25 प्रतिशत अंशदान की व्यवस्था रखी गई है, जबकि गत वर्ष के नवीनीकरण में अधिमान्य पत्रकारों का अंशदान मात्र 15 प्रतिशत ही थी। गत वर्ष की तुलना में यह राशि 10 प्रतिशत बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दी गई है। इसी प्रकार गैर अधिमान्य मीडियाकर्मियों के हिस्से की प्रीमियम राशि 35 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दी गई है। कहा गया कि पत्रकारों के आर्थिक हालात वैसे ही ठीक नहीं है। ऐसे में पत्रकारों के अंशदान में बढ़ोतरी को ऋेलना संभव नहीं है। इसे तत्काल संशोधित कर पिछले साल की तरह ही अधिमान्य पत्रकारों के लिए अंशदान 15 प्रतिशत और गैर अधिमान्यों के लिए 35 प्रतिशत रखने की मांग की गई।

#### उपचार लगातार हो रहा महंगा

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि चिकित्सा का खर्च दिनोंदिन बढ़ रहा है। बीमा राशि 4 लाख रुपए से बढ़ाकर 6 लाख रुपए की जाना चाहिए। बीते कुछ वर्ष में उपचार महंगा हो गया है। प्रीमियम राशि रिवाइज कर अधिमान्य पत्रकारों के हिस्से की राशि 25 प्रतिशत से कम कर 15 प्रतिशत और गैर अधिमान्य मीडियाकर्मियों के हिस्से की राशि 50 प्रतिशत से कम 35 प्रतिशत की जाए।



#### फर्जी और ब्लेकमेलर के खिलाफ हो कार्यवाही

इसके साथ ही प्रेस क्लब ने कलेक्टर श्री बाथम के नाम भी एक ज्ञापन सौंपा। इसमें मांग की गई कि जिले में फर्जी एवं ब्लैकमेलर पत्रकारों को रोकने के लिए जनसम्पर्क द्वारा सूची एवं समाचार प्रदाय ईमेल एड्रेस को तत्काल अपडेट करवाया जाए। फर्जी पत्रकार एवं सोशल मीडिया इंन्फ्लूंसर सरकारी कार्यक्रमों आकर गैर जिम्मेदारी से तथ्यों को प्रस्तुत करते है। कई फर्जी पत्रकार संगठन बिना वेरिफिकेशन के कार्ड एवं वाहन पर चिपकाने वाले मीडिया स्टीकर जारी कर रहे हैं। ऐसे लोगो पर कार्रवाही की जाए। यह भी मांग की गई कि रतलाम के पत्रकारों को जिले भर में कव्हरेज के लिए जाना पड़ता है। इस दौरान जिले में स्थित टोल बुथ कर्मचारी उनसे गलत बर्ताव करते है। प्रशासन टोलबुथ को सख्त निर्देश जारी करे कि अधिमान्य पत्रकारों के साथ ही संस्थान के कार्डधारी पत्रकारों को बेरोकटोक आवागमन कर सके। सरकारी योजनाओ के क्रियान्वयन निरीक्षण के लिए मीडिया टूर का समय - समय पर आयोजन किया जाए। विभिन्न सरकारी समितियों में रतलाम प्रेस क्लब के अध्यक्ष सविच या उनके द्वारा नामित पत्रकारों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए।

#### एफआईआर के मामले में हो निष्पक्ष जांच

रतलाम प्रेस क्लब के सदस्य पत्रकार जयदीप गुर्जर पर 7 सितम्बर 2024 को रात्रि में रतलाम शहर में हुए उपद्रव के मामले में दर्ज किए गए प्रकरण को लेकर भी ज्ञापन सौंपा गया। इसमें मांग की कि लोकतंत्र में पत्रकारों की भूमिका महत्वपूर्ण है एवं भयमुक्त तरीके से सभी अपना कार्य कर सके इसके लिए रतलाम प्रेस क्लब सदैव प्रयास करता रहता हैं। जयदीप गुर्जर एक सक्रिय पत्रकार है एवं इस दौरान वो घटना दिनांक को अन्य पत्रकारों की तरह ही वहां पर कव्हरेज के लिए ही मौजूद थे। इस मामले में निष्पक्ष जांच कर पत्रकार साथी पर हुई एफआईआर का खात्मा किया जाए।

इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेशपुरी गोस्वामी, सचिव यश शर्मा बंटी, कोषाध्यक्ष राजेंद्र केलवा, उपाध्यक्ष सुजीत उपाध्याय, अमित निगम, सहसचिव मुबारिक शेरानी, कार्यकारिणी सदस्य हेमंत भट्ट, दिनेश दवे, राजेश पोरवाल, दिव्यराज सिंह राठौर, सिकंदर पटेल, चंद्रेशेखर सोलंकी, प्रदीप नागौरा, शुभ दशोत्तर, वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व अध्यक्ष शरद जोशी, राजेश जैन, राजेश मूणत, सुरेंद्र जैन, रमेश टांक ,ऋषीकुमार शर्मा, गोविंद उपाध्याय, रामाकांत शुक्ला, हेरंब सिंह सैंगर, ओम त्रिवेदी, महिला पत्रकार अदिति मिश्रा,तुषार कोठारी, विजय मीणा, नरेंद्र जोशी, नीरज शुक्ला, सौरभ कोठारी, भेरूलाल टांक, सुधीर जैन, डीएन पंचोली, केके शर्मा, जितेंद्र श्रीवास्तव, संजय पाठक, कमल सिंह जाधव, सुशील खरे, हेमंत कोठारी, राजेश पुरोहित, अर्पित चौबे, विनोद वाधवा, निलेश बाफना, यशवंत राठौर, भुवनेश पंडित, विवेकानंद चौधरी, सुरेश बोरासी, चिंटु मेहता, स्वदेश शर्मा, दिग्विजय सिंह सेंगर, नवीन टांक, अशोक शर्मा, राजू अग्रवाल, संजय मिश्रा,मोंटी पारे आदि मौजूद थे।






# शहर की सड़कों पर निकलकर चलाया भाजपा का सदस्यता अभियान

**शाजापुर, राष्ट्रीय जनभावना।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में सदस्यता अभियान को संगठन पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत गुरुवार को पार्टी पदाधिकारियों ने शहर की सड़कों पर निकलकर लोगो को भाजपा की सदस्यता के लिए प्रेरित किया और मिस्ड काल के माध्यम से सदस्य बनाया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर जिले में 3 लाख भाजपा के नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है, इसके लिए जिले के 15 ही मंडलों में यह अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को शाजापुर नगर में विधायक अरुण भीमावद के नेतृत्व में सदस्यता रैली निकाली गई, जिसमे शहर की सड़कों पर घूमकर लोगो को भाजपा की सदस्यता के लिए प्रेरित किया एवं मिस्ड काल के माध्यम से सदस्य भी बनाया। इस अवसर पर जिला महामंत्री दिनेश शर्मा, नपा अध्यक्ष प्रेम जैन, उपाध्यक्ष संतोष जोशी, नगर मंडल अध्यक्ष नवीन राठौर, जिला उपाध्यक्ष गोपाल राजपूत, किरण ठाकुर, वरिष्ठ नेता रामचंद्र भावसार, शीतल भावसार, मनोहर विश्वकर्मा, उमेश टेलर, बाबूलाल कलमोदिया, दिलीप त्रिवेदी, कौशल कसेरा, अर्पित परिहार, अंकित आचार्य, पवन तवर, धर्मेंद्र ठाकुर, गोविंद नायक, प्रेम यादव, राजेंद्र गवली, विक्रम मालवीय, भूपेंद्र मेड़ा, जितेंद्र मीणा, राहुल परमार, अतुल पालीवाल, राकेश सोलंकी, मुकेश दुबे, सुनील पेंटर, अजय चंदेल, प्रशांत चौहान, श्याम शर्मा, दिनेश सोराष्ट्रीय, पीरूलाल चौहान, महेंद्र सांकलियां, अशोक पांचाल, अंकित तवर, नीलेश चंद्रवंशी, अमित सांकलिया, हनीफ मंसूरी, इमरान अली, हर्षित राठौर आदि उपस्थित थे।

## जीवन में मृत्यु से पहले पाप मर जाए यह इच्छा हो- गणिवर्य डॉ. अजीत चंद्र सागर जी म.सा.

**रतलाम।** हमें पाप करने के बाद प्रायश्चित करने की इच्छा नहीं होती है। जबकि जीवन में पाप का नहीं, प्रायश्चित का बड़ा महत्व है। हमारे मन में यह इच्छा होनी चाहिए कि मेरे मरने से पहले मेरे पाप मर जाए।

यह बात आचार्य देव श्री नयचंद्रसागर सुरीश्वर जी म.सा. की निश्रा में सैलाना वालों की हवेली मोहन टॉकीज में चल रहे प्रवचन में गणिवर्य डॉ. अजीत चंद्र सागर जी म.सा. ने कही। उन्होंने कहा कि मनुष्य भव मिला है, तो अच्छे कर्म करें लेकिन उसका अहंकार कभी न करें। आज तक हम जिस दिशा में चले है, वहां जाने का कोई लाभ नहीं है। बाहर की दुनिया में हमने बहुत पुरुषार्थ किया, लेकिन आत्मा के लिए कुछ नहीं किया। 24 घंटे में आप कितने घंटे अपनी आत्मा के लिए निकालते हैं। हमारा पूरा समय बाहर की दुनिया में व्यतीत होता है। हमें घर, परिवार, धर्म, भगवान सब याद आते हैं,लेकिन एक बार भी हमें आत्मा की याद नहीं आती है। उन्होंने कहा की आत्मा को जगाने में समय लगता है लेकिन इसके जागृत होने के बाद कोई समय नहीं लगता है। हमें सरस्वती साधना करना आना चाहिए। इसे करने से याददाश्त बढ़ती है, इसलिए यह अवश्य करें। श्री गुजराती उपाश्रय रतलाम एवं श्री ऋषभदेव जी केसरीमल जी जैन श्वेतांबर पेढ़ी रतलाम द्वारा समाज जनों से प्रवचन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का आह्वान किया है।

## नाबालिग से बलात्कार के मामले में न्यायालय ने सुनाई 20 साल की सज़ा

**रतलाम।**

**पिछले साल14 वर्षीय नाबालिग बालिका को अपहरण कर बलात्कार करने के मामले में न्यायालय ने आरोपी को 20 साल के कठोर कारावास तथा अर्थ दंड की सजा सुनाई। प्रकरण की पैरवी विशेष लोक अभियोजक विजय पारस ने की।**

जानकारी के अनुसार पिछले साल 06 मई को थाना कालूखेडा पर 14 वर्षीय बालिका के पिता ने थाने पर बताया कि सुबह साढ़े नौ बजे घर आया, तो पत्नी ने कहा कि, सुबह से बालिका घर पर नहीं है। उसकी तलाश आसपास व मोहल्ले व रिश्तेदारों मे करने पर उसका कोई पता नहीं चला। उसे शंका है कि अज्ञात व्यक्ति उसकी नाबालिग बालिका को बहला-फुसला कर भगाकर ले गया है। अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध थाना कालूखेडा पर अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया।

#### उसकी इच्छा के विरुद्ध कई बार बलात्कार

जांच के दौरान 8 मई 2023 को मण्डफिया जिला, चित्तौडगढ राजस्थान से आरोपी श्यामलाल 20 वर्षीय के कब्जे से बालिका को बरामद किया। पुलिस द्वारा उससे पूछताछ करने पर उसने बताया कि श्यामलाल के साथ कालूखेड़ा से रोहित की मोटरसाईकिल पर साथ बैठकर साँवलिया सेठ, राजस्थान के गोकुल रेस्ट हाउस आए, वहां पर श्यामलाल द्वारा उसके साथ कई बार उसकी इच्छा के विरुद्ध बलात्कार किया। न्यायालय में आरोपी श्यामलाल के विरुद्ध धारा 363, 366, 376(3) व 376 (2) एन भारतीय दण्ड संहिता 1860 एवं धारा 5 (८)/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के अंतर्गत प्रस्तुत किया गया।

#### विशेष न्यायाधीश ने सुनाई सजा

विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट उषा तिवारी ने अभियुक्त श्यामलाल पिता राजेश मालवीय, उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम धामेडी थाना पिपपलौदा जिला रतलाम म.प्र. को लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 3/4(2) में 20 वर्ष सश्रम कारावास व 5000/- अर्थदण्ड एवं धारा 366 भादवि में 05 वर्ष सश्रम कारावास व 1000 रुपये अर्थदण्ड एवं से दण्डित किया गया। प्रकरण में पैरवी विशेष लोक अभियोजक विजय पारस ने की।

## नि:शुल्क पत्रकार बीमा योजना लागू करने के साथ ही प्रीमियम राशि कम करने एवं आवेदन की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया

**रतलाम।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के आहवान पर अधिमान्य तथा गैर अधिमान्य पत्रकारों के लिये मध्यप्रदेश शासन द्वारा लागू स्वास्थ बीमा और दुर्घटना बीमा योजना वर्ष 2024-25 के लिये बढ़ाई गई प्रीमियम राशि को शून्य करने, आवेदन तिथि 30 सितंबर तक बढ़ाने तथा 5 लाख रुपये तक की निःशुल्क पत्रकार बीमा योजना को लागू किये जाने की मांग को लेकर यहाँ भी मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर राजेश बाथम को आज ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि मध्यप्रदेश सरकार के जनसंपर्क विभाग ने पत्रकार कल्याण का बीमा कराने का विज्ञापन जारी किया है उसमें इस बार अधिमान्य और गैर अधिमान्य पत्रकारों के सभी आयु वर्ग के 2 लाख और 5 लाख रुपये के बीमा की प्रीमियम राशि काफी बढ़ा दी है, हमारे कई साथी यह प्रीमियम राशि जमा नहीं कर सकते। अतएव प्रीमियम की गई वृद्धि



को वापिस लिया जाये। साथ ही ज्ञापन में यह भी मांग की है कि मध्यप्रदेश में भी उत्तरप्रदेश की भाजपा शासित योगी सरकार की तर्ज पर 5 लाख रुपये तक की पत्रकार स्वास्थ बीमा योजना निःशुल्क लागू किये जाने की घोषणा करें।

उक्त मांग का 3 दिन में निराकरण किया जाये, ऐसा नहीं होता है तो मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ राज्य शासन की इस बीमा योजना को अस्वीकार करने के लिये बाध्य होगा। साथ ही यह भी आग्रह है कि आवेदन की तिथि 30 सितम्बर तक बढ़ाई जाये। यह ज्ञापन मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के पूर्व मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष शरद जोशी, प्रांतीय उपाध्यक्ष ऋषिकुमार शर्मा की उपस्थिति में जिलाध्यक्ष भेरुलाल टांक, महामंत्री दिनेश दवे द्वारा दिया गया। इस मौके पर कई पत्रकार सदस्यों के साथ ही निलेश बाफना, हेमन्त भट्ट तथा राजेश पोरवाल आदि सदस्यगण उपस्थित थे।

वो काला दिन जब सिहर उठा था नगर ,ब्लास्ट की 09 वी बरसी पर नमन

# घोषणाएं जो आज भी अधूरी, न्याय की आस में पीड़ित

## चोराहै से अहिंसा सर्कल, श्रद्धांजलि चोराहा से लेकर गोविंद समिति तक का सफर देखने वाला चोराहा दिलाना चाहता पीडितो को न्याय

थांदला मनोज उपाध्याय। ब्लास्ट कांड की 9 वी बरसी 12 सितंबर 2024 को आज है। जैसे जैसे वर्ष बीतते जा रहे हैं वैसे वैसे ब्लास्ट की घटना को जनता, नेता भूलते जा रहे है किंतु जिन लोगों ने अपनों को खोया है उनके घाव अभी तक नहीं भरे हैं और ना ही भर सकते हैं अपनों को खोने का दर्द को वही जानते हैं किंतु राजनीतिक दावों और वादों के बीच अपनों को खोने का दर्द दब कर रह गया है। ब्लास्ट की घटना में 78 लोगों ने अपनी जान गवाई थी ।12 सितंबर 2015 कि वह काली सुबह जब सुबह 8» 20 पर ब्लास्ट की घटना हुई थी तब पेटलावद के नगर का हर नागरिक उस धमाके की गूंज से स्तब्ध हो गया था। हर कोई घटना स्थल के आसपास एकत्रित होकर घायलों को अस्पताल तक पहुंचाने लगे।






### वादे रहे अधूरे

सरकार द्वारा किए गए वादों पर कोई अमल आज तक नहीं हो पाया मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ब्लास्ट की घटना के बाद 3 दिन तक पेटलावद में ही रुके और ब्लास्ट में जान गंवाने वाले एक एक व्यक्ति के घर तक पहुंचे और उनके परिजनों से कई वादे कर आएं किंतु उन वादों में से कई वादे आज भी अधूरे हैं ।कई परिवारों ने अपने घर के मुखिया को खोया उन्हें नौकरी का वादा किया पर आज तक नौकरी नहीं दी। वही नगर वासियों से शिवराज सिंह ने ब्लास्ट पीड़ितों की याद में एक स्मारक बनाने का वादा किया था। किंतु आज तक वह स्मारक कहीं नहीं बन पाया। क्योंकि सरकार,परिषद में बैठे जनप्रतिनिधि उल स्मारक को बनाने के लिए प्रयास भी नहीं कर सके, क्योंकि वह लोगों के दिलो-दिमाग से इस घटना को भुलाना चाहते है।

### नेताओ को सियासत से सरोकार

अपने चुनावी समीकरणों के चक्कर में नगर के नेता आम जनता के दिलो दिमाग से ब्लास्ट की घटना को भुलाना चाहते हैं और केवल अपना स्वार्थ सिद्ध करना चाहते हैं।।

### सीएम चोहान ,कमलनाथ से लेकर मोहन यादव तक का सफर

इस बार भी ब्लास्ट की बरसी पर केवल परिजन ही श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे या नेताओं को भी पेटलावद के काला दिवस की याद रहेगी। उल्लेखनीय है कि जिस समय वर्ष 2015 में यह घटना हुई थी तब प्रदेश में भाजपा की शिवराजसिंह चौहान के सीएम नेतृत्ववाली सरकार थी ,कुछ समय के लिये विधानसभा की कमान कांग्रेश के हाथों में आई तब सीएम कमलनाथ सीएम रहे अल्पवधि के बाद फिर से सीएम चोहान ने ही कमान सम्भाली ओर इस वर्ष की बरसी पर भाजपा की सीएम मोहन यादव की सरकार है।इन 09 सालों में 03 सीएम आये ओर गए लेकिन पीढ़ितो का दर्द आज भी वैसा ही है।

### क्या है घटना

12 सितंबर 2015 की सुबह नगर के नया बस स्टैंड के समीप एक दुकान में छोटा सा धमाका हुआ उसको देखने के लिए कई लोग दुकान की शटर के पास एकत्रित हुए और शटर खोलकर पानी डालकर उस धमाके की आग को बुझाने की कोशिश करने लगे किंतु सटल खोलने के पहले ही दूसरा बड़ा धमाका हुआ उसमें वहां उपस्थित सभी लोगों के चिथड़े उड़ गए यहां तक की पास में होटल पर नाश्ता कर रहे हैं कई लोग भी इस धमाके के शिकार हुए वही गुजरात का एक परिवार जो नाश्ते के लिए रुका था उसके भी दो-तीन परिजन इस घटना में मृत हुए वही मकान मालिक के परिवार के 4 सदस्य की भी इस घटना मे मृत्यु हुई घटना के मुख्य आरोपी रहे राजेन्द्र कासवा इस घटना में मृत हुआ या कहीं चला गया यह आज तक राज ही रहा है उस काले दिन पेटलावद में एक साथ 32 लाशों को जलते हुए देखा था वह दर्द आज भी लोगों के सीनों में जिंदा है। किंतु राजनीतिक रोटियां सेकने वाले नेताओं ने उस दर्द को भुला दिया है और केवल अपने हितों के लिए इस घटना को इतिहास के पन्नों में बंद कर दिया है।

### चौराहे का सफर

वेसे जिस स्थान पर ये विभत्स हादसा हुआ है उससे कुछ दूरी पर चोराहा है और घटना से पहले ये सिर्फ चोराहा था उसके बाद इसका सौंदर्यीकरण करते हुए नामकरण अहिंसा सर्कल किया गया लेकिन हादसे के बाद आक्रोशित जनता ओर पीड़ित परिजनों ने इसे श्रद्दांजली चोक में बदल दिया तब से अब तक इसे श्रद्दांजली चोक के नाम से जाना पहचाना लगा7 लेकिन 27 माह पूर्व इस स्थल पर गो माता कि मूर्ति बिठाकर गोविंद गो सेवा समिति का रूप दिया। इस तरह से इन 09 सालो में ये चोराहा हर घटना का साक्षी बना है। जो आज भी पिडितो की तरफ से इस हादसे के जिमेदारो को सजा देने के दृश्य को देखने का साक्षी बनना चाहता है।

### जनता देगी जवाब

आम नागरिकों के पास आज यह समय है जब वह ब्लास्ट पीड़ितों की पीड़ा का जवाब नेताओं को दे सकते हैं और सरकार के सामने पीड़ितों का दर्द व उनकी मांगे भी रख सकते हैं सरकारे दोनों पार्टियों की आई और गई किंतु उन्होंने केवल वादे ही किए पीड़ितों को इंसाफ दिलाने के लिए कोई प्रयास या मदद नहीं की

### न्याय की आस में पीड़ित

ब्लास्ट की इस बरसी पर क्या पीड़ितों को न्याय मिलेगा ? या फिर वही घड़ियाली आंसू बहा कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली जायेगी।

---

9 साल बाद जिन्हें जख्म मिले उन्हें याद है पेटलावद त्रासदी किंतु कुछ लोग और प्रशासन भूल गया

# श्रद्धांजलि चौक पर पार्टी, संगठन और परिवारजनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये



पेटलावद। पेटलावद नगर में ब्लास्ट को हुए 9वर्ष बीत गये है। कुछ लोग ब्लास्ट को भुल गये तो कुछ ने याद रखा है। ब्लास्ट की 9वीं बरसी पर मृतकों को श्रद्वांजलि देने कुछ गिने चुने लोग ही पहुंचे। जिन्होंने श्रद्वांजलि चौक पर श्रद्वाजंलि अर्पित की और दिवंगतों की आत्म शांति की प्रार्थना की।

श्रंद्वाजलि देने के क्रम में ब्लाक कांग्रेस कमेटी पेटलावद के सदस्य पूर्व विधायक वालसिंह मैडा की अगवाई में पहुंचे। उन्होंने श्रद्वांजलि चौक पर माला चढा कर मृतकों की प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उनके साथ सुरेश मुथा, मन्नालाल हामड सहित कांग्रेस के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। इसके साथ ही जयस संगठन के द्वारा भी श्रद्वांजलि दी गई। वहीं मृतकों के परिजनों ने भी श्रद्वांजलि अर्पीत की। वहीं भाजपा की ओर से जनपद अध्यक्ष रमेश सोलंकी, नगर परिषद अध्यक्ष ललीता योगेश गामड, हेमंत भट्ट, कालूसिंह निनामा, योगेश गामड, संजय कहार, संजय चाणोदिया ,बाबुलाल काग,ममता धानक ,जगदीश जाटव आदि कार्यकर्ता भी श्रद्वांजलि चौके पर पहुंचे और श्रद्वासुमन अर्पीत किये। 12 सितम्बर 2015 की सुबह का वह मंजर पेटलावद के लिए नासुर बन चुका है जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। जिसमें पेटलावद नगर के 78 लोगों ने अपनी जान गवाई थी।पूरा नगर दुख के आगोश में समा गया था। उस दिन सुबह 8 बजकर 20 मिनिट से लेकर अगले कई दिनों तक नगर शोक में डुबा रहा।

### 9 साल बाद भी स्मारक नहीं बना

9 साल में प्रशासन तो इस त्रासदी को पूरी तरह भूल चुका है क्योंकी ब्लास्ट के दूसरे दिन तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पेटलावद में आकर कई वादे किये थे। जिसमें एक स्मारक ब्लास्ट में मारे गये लोगों की याद में बनाने का वादा आज तक पुरा नहीं हो पाया है।वहीं कई परिवारों ने जो अपनों को खोया है उसका दर्द भी आज तक ताजा है। जिसकी भरपाई नहीं हो पाई है।

---

अणु पब्लिक स्कूल के बच्चों का एस.जी.एफ.आई. संभागीय स्तर

# फुटबॉल प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर हुआ चयन

थांदला। एस.जी.एफ.आई. संभागीय स्तर फुटबॉल प्रतियोगिता आयु वर्ग-17 का आयोजन झाबुआ में किया गया जिसमें झाबुआ जिले कि टीम में चयनित अणु पब्लिक स्कूल के बच्चों का चयन *(मोहित कटारा, राजवीर कटारा, जीवराज कटारा)* जिला स्तर से राज्य स्तर के लिए हुआ हैं। प्रतियोगिता में झाबुआ जिले की टीम ने बुरहानपुर को 7-0, खरगोन 6-0 हरा कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में झाबुआ का मुकाबला इंदौर से हुआ जिसका स्कोर 2-2 से बराबर रहा। मुकाबला पेनल्टी शुटआउट में इंदौर 3-2 ने जीत हासिल की।इसके पश्चात सम्भाग टीम के चयन में अणु पब्लिक स्कूल के 3 छात्र मोहित कटारा, राजवीर कटारा,जीवराज कटारा का चयन हुआ। संस्था प्रमुख प्रदीप गादिया, हर्ष गादिया एवं प्राचार्य प्रमोद नायर एवं कोच स्वपनील मेड़ा द्वारा चयनित बच्चों को बधाँई देते हुए राज्य स्तर पर भी विद्यालय का एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन करने की कामना की।



---

70 साल से उपर के बुजुर्गो को मिलेगा 5 लाख तक इलाज, केंद्र सरकार ने योजना को लागू करने का लिया फैसला

# प्रोग्रेसिव्ह पेशनर्स एसोसिएशन ने मोदी सरकार के फैंसले का किया स्वागत

झाबुआ। केंद्र की मोदी सरकार ने लोकसभा चुनाव में चुनावी घोषणापत्र में किये गये वादे के मुताबिक 70 साल से उपर के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना में शामिल करने के फैसले को मंजूरी दे दी है। जिला प्रोग्रेसिव्ह पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अरविन्द व्यास ने इस फैसले का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी का धन्यवाद ज्ञापित किया है।श्री व्यास ने कहा कि हर भारतीय के लिए सुलभ, सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध केन्द्र सरकार ने आयुष्मान भारत के दायरे को और बढ़ाने का निर्णय लिया है ताकि 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को स्वास्थ्य कवरेज प्रदान किया जा सके। यह योजना 6 करोड़ नागरिकों को सम्मान, देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।



श्री व्यास ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को इस महत्वपूर्ण फैसले पर अपनी मुहर लगाई। सरकार के इस फैसले से देशभर में तकरीबन साढ़े चार करोड़ परिवारों के 6 करोड़ से ज्यादा बुजुर्गों को आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज मिल सकेगा। वही हमारे 70 वर्ष की आयु वर्ग के पेंशनर्स भी इस योजना से लाभान्वित होगें तथा उन्हे अपना उचित उपचार कराने में आर्थिक संकट से नही जुझना पडेगा। श्री व्यास के अनुसार इस योजना के तहत लाभ उठाने के लिए लाभार्थियों को सरकार की तरफ से अलग से कार्ड जारी किया जायेगा।

---

जिले भर में भगवान गणेश जी की धूम...

# माता है गौरा पिता है महेश जय हो गणेश तेरी जय हो गणेश

झाबुआ। मुख्यालय सहित जिले भर में गणेश उत्सव बड़े धूमधाम तरीके से व उत्साह पूर्वक मनाया जा रहा है, छोटे भक्त प्रेमियों से लेकर बड़े-बड़े भगवान गणेश भगवान के उत्सव के जी जान से भक्ति में लगे हुए हैं, मुख्यालय पर छोटे से लेकर बड़े गणेश मंडलों में भी भगवान गणेश जी की व्यापक तैयारीयों में भक्त दिन-रात लगे हुए है। हर रोज सुबह से लेकर शाम तक गली मोहल्ले में विशेष अतिथियों द्वारा हर रोज पूजा अर्चना करवाई जा रही है। वही सुबह और शाम की महा आरती में भी बड़ी संख्या में भक्तजन जगह-जगह शामिल हो रहे हैं मंदिर समिति व गणेश मंडलों द्वारा महाप्रसाधी के आयोजन भी भव्य पैमाने पर जगह-जगह किया जा रहा है, महाप्रसाद जी का लाभ लेने के लिए भी बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल हों रहें हैं।

भगवान गणेश जी के मंदिर से लेकर गणेश मंडलों तक विद्युत रोशनी से जगमगा रहे हैं। जगह-जगह गणेश मंडलों में भक्ति मय गीतों पर भजनों व गीतों पर नृत्य बच्चों से लेकर बड़ो तक भक्ति गीतों पर थिरक रहे हैं। जिसमें भक्तजन भक्ति मय गीतो पर..माता है गौरा पिता है महेश जय हो गणेश तेरी जय हो गणेश... लिख देना लिख देना गणेश जी भाग्य हमारा भी लिख देना... फूलों से सजाया दरबार गणेश जी आ जाना जैसे गीत पर भक्तजन अपनी छटा बिखेर रहे हैं। वही गणेश मंडलों में हर रोज नई-नई प्रतियोगिता का आयोजन भी जगह-जगह पर उत्साह पूर्वक किया जा रहा है जिसमें प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कृत भी किया जा रहा है। वही झाबुआ मुख्यालय पर झाबुआ के राजा की भी स्थापना बड़े धूमधाम से हुई है जहां झाबुआ के राजा भगवान गणेश जी को देखने व भगवान गणेश जी का आशीर्वाद लेने के लिए बड़ी संख्या में भक्तजन सुबह से लेकर देर रात तक पहुंच रहे हैं।



---

# दामोदर कालोनी में गणेशोत्सव धूम धाम से मनाया जा रहा



पेटलावद। नगर में गणेशोत्सव की धूम मची हुई है। इससे नगर का एक हिस्सा दामोदर कालोनी भी उत्सव के उत्साह से सरोबार है। यहां पर प्रतिदिन भगवान गणेश की महाआरती और कालोनीवासियों के द्वारा विभिन्न आयोजन किये जा रहे है। प्रतिएक परिवार प्रतिदिन महाआरती के लाभार्थी बन रहे है और भगवान की सेवा अर्चना कर रहे है। इसी क्रम में बच्चें भी अपनी ओर से अलग अलग तरीको से भगवान की पूजा अर्चना कर रहे है। यहा पर लगभग 70 से अधिक बच्चें प्रतिदिन धार्मिक व खेल गतिविधियों के माध्यम से गणेशोत्सव का आनंद ले रहे है। गरबो का आयोजन तो कभी क्यूज प्रतियोगिता तो किसी दिन फेंसी ड्रेस प्रतियोगिता तो किसी दिन भक्ति गीतों पर नृत्य का आयोजन किया जा रहा है।

### फेंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन

इसी क्रम में बुधवार को राधा अष्टमी के अवसर पर फेंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने राधा,कृष्ण, बलराम, पंडित, पुलिस,दयाबेन, छत्रपति शिवाजी,झाँसी की रानी, सैनिक और मार्डन सहित डांसर के रूप में सज कर प्रस्तुतियां दी और सभी कालोनीवासीयों का मन मोह लिया। आयोजन में युवाओ और कालोनी के वरिष्ठजनों के सहयोग से प्रतिदिन महाप्रसादी नास्ता की व्यवस्था भी रखी जा रही है। वहीं महिलाओं के द्वारा गरबा नृत्य और चेयर रेस के माध्यम से भी उत्सव का आनंद लिया जा रहा है। इसके साथ ही इस आयोजन में स्वच्छता की प्रेरणा देते हुए समिति के द्वारा सभी रहवासीयों को स्वच्छता को अपनाने का संदेश दिया जाता है और प्रांगण को पूर्ण रूप से रात्रि में ही साफ स्वच्छ किया जाता है।

---

राधा अष्टमी पर राधा रानी का जन्मदिन मनाया, भजनों और किर्तन के माध्यम से राधा रानी की सेवा की भक्तों ने

# राधा रानी कम भजन का भी अधिक फल देती है, वे करूणामय है- भट्ट

## नवम्बर में होगा राधा रसामृत कथा का वाचन

पेटलावद। ''बरसाने में आनंद छायो, लाली को जनमदिन आयो'' जैसे भजनों से नगर का निलकंठेश्वर महादेव मंदिर गुंजायमान हो गया। जहां पर भक्तों ने मिलकर राधा अष्टमी के पावन पर राधा रानी की भजन व किर्तन संध्या का आयोजन रखा।इस आयोजन में नगर के भक्तों ने मिलकर राधा रानी के जन्म की बधाईयां दी और किर्तन किये।

राधा रानी सच्चे भाव से प्रसन्न होती है

इस अवसर पर कथा वाचक सुश्री वैष्णवी भट्ट ने कहा कि राधा रानी जीवन की धारा बदल देती है। कृष्ण को पाने का रास्ता राधा जी से होकर ही जाता है। राधा रानी की सेवा करने से कृष्ण भगवान जल्दी प्रसन्न होते है। और भक्तों की झोली भर देते है।किशोरी जी बडी दयालु है करूणामय है। वे भक्तों पर जल्दी प्रसन्न होती है।समुद्र जितने बडे अवगुण होने पर भी राई समान भक्ति करने पर किशोरी जी प्रसन्न हो जाती है। वह आपके पाप और पुण्य को नहीं देखती वह आपके भावों को देखती है।



**राधा रानी की झांकी सजायी** - राधा अष्टमी के अवसर पर आयोजीत इस भजन संध्या और किर्तन की वेला में कई भक्तों ने अपना सहयोग प्रदान किया। फूलों से राधारानी की झांकी सजायी गई। वहीं राधा कृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। भक्तों ने एकजुट हो कर राधा रानी की आरती भी उतारी। इस मौके पर गुरूद्वारा आश्रम प्रभारी पं. अरविंद''गोपाल'' भट्ट के द्वारा भी भजनों की प्रस्तुति दी।

**राधा रसामृत कथा होगी-** इसके साथ ही श्री भट्ट ने जानकारी दी कि आगामी 5 नवम्बर 2024 से 5 दिवसीय राधा रसामृत कथा का वाचन सुश्री वैष्णवी भट्ट के द्वारा स्थानीय निलकंठेश्वर महादेव मंदिर पर किया जायेगा। जिसमें भी अधिक अधिक भक्तगण पधारकर कथा श्रवण का लाभ प्राप्त करें। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज अध्यक्ष मनोज जानी, प्रकाश मुलेवा,पंकज वर्मा,निलेश कटारा,मयंक वैरागी,धीरज पाटीदार,राहुल शर्मा,जगदीश तीवारी,रवि मेडा,वागेश सामवेदी,लक्की सोलंकी,दक्ष जैन, हेमांगराज भट्ट आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन यश रामावत ने किया।

---

# थांदला गेट स्थित चिंतामन गणेश मंदिर पर हुआ महा आरती व महाप्रसादी का वितरण

झाबुआ। बुधवार शाम थांदला गेट स्थित चिंतामन गणेश मंदिर पर शाम 8 बजे महा आरती एवं महाप्रसादी का वितरण भव्य पैमाने पर किया गया, वही शिवालय सेवा समिति झाबुआ से विशेष मराठा जिम्मी मराठा कृष्णा राठौर मयंक मेहसन अभिषेक बारिया पवन गोलिया कैलाश इन्दोरी शिवानी ठाकुर आदि सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार शाम 8 बजे चिंतामन गणेश मंदिर पर महा आरती एवं महाप्रसाद प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रखी गई, श्री चिंतामन गणेश मंदिर समिति की ओर से 51 किलो लड्डू का भोग लगाया एवं शिवालय सेवा समिति झाबुआ द्वारा 1 क्विंटल खिचड़ी की महाप्रसादी का भोग भी आज लगाया, वहीं अनेक प्रकार की प्रसादी का वितरण भी भक्तों द्वारा भव्य पैमाने पर किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल हुए।

## सार-समाचार

### कलेक्टर श्री सिंह के निर्देश पर 2 बुजुर्ग महिलाओं को सुरक्षित स्थान पर किया शिफ्ट



**खण्डवा ।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पंधाना श्री दिनेश सांवले ने बताया कि बीनाबाई उम्र 83 वर्ष व ईन्दुबाई उम्र 61 वर्ष नगर पंचायत पंधाना के वार्ड नं.11 पंधाना में जर्जर मकान में निवासरत 2 बुजुर्ग महिलाओं की जानकारी संज्ञान में आने पर कलेक्टर श्री अनूप कुमार सिंह ने संवेदनशीलता के साथ तत्काल आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिए थे। उन्होंने बताया कि निर्देश के परिपालन में नगर पंचायत टीम व स्थानीय जनसहयोग से उन्हें सुरक्षित अन्य मकान में सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कराया गया एवं भोजन की व्यवस्था भी की गयी। इस कार्य हेतु नगरवासियों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया।

### जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में समविद गुरुकुलम विद्यालय की बालिकाओं ने लहराया परचम



ओंकारेश्वर ( ललित दुबे ) जिले में हुई प्रतियोगिता में बालिकाओं ने बाजी मारी बालिका कबड्डी प्रतियोगिता अंडर 14 खंडवा में समविद गुरुकुलम आवासीय कन्या विद्यालय शिवकोठी कि बालिकाएं विजेता और समविद गुरूकुलम अंग्रेजी माध्यम शिवकोठी कि बालिकाएं उपविजेता रही । जिला स्तरीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता अंडर 14, अंडर 17, अंडर 19 का आयोजन खंडवा के एम जी एम विद्यालय में किया गया ।

प्रतियोगिता में पूरे जिले कि लगभग 15 से ज्यादा टीमों ने भाग लिया, जिसमें ओंकारेश्वर के समविद गुरूकुलम कन्या आवासीय विद्यालय शिवकोठी कि अंडर 14 कि बालिकाओ नै क्वाटर फाइनल सी एम् राईज स्कुल जावर के साथ, सेमिफाइनल एम जी एम स्कूल खंडवा को हराकर फाइनल में जगह बनाई फाइनल मैच समविद गुरूकुलम आवासीय विद्यालय और समविद गुरूकुलम विद्यालय कै बीच हुआ जिसमें समविद गुरुकुलम आवासीय कन्या विद्यालय की बच्चियों ने बाजी मारी । दोनों विद्यालय कि टीम के कोच शारदा ठाकुर और हेमेंद्र शर्मा ने जीत का श्रेय बालिकाओं कि मेहनत को दिया। इस अवसर पर परम शक्ति पीठ एवं दोनों विद्यालयों कि संचालिका साध्वी साक्षी चेतना दीदी ने कहा कि हमारी छात्राओ की यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है और यह हमारी खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने का एक बड़ा उदाहरण है।, समविद गुरूकुलम कन्या आवासीय विद्यालय हिंदी मीडियम कि प्रिंसिपल सारिका जैन , समविद गुरूकुलम अंग्रेजी माध्यम के प्रिंसिपल शिरिष मंडलोई एवं विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं एवं बालिकाओं के अभिभावकों ने बालिकाओं कि इस जीत पर हर्ष व्यक्त किया। ओंकारेश्वर पहुंचने पर विजेता और उपविजेता टीम दोनों का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान पर प्राप्त करने वाली दोनो टीम में समविद गुरुकुलम विद्यालय की थी व इन दोनों टीम में से कुछ छात्राओं का चयन संभागीय स्तर पर हुआ है ।।

# देहदानी स्व प्राणहिता शुक्ला की जन्मजयन्ति पर लायन्स भोजन सेवा पर कराया भोजन

### लायन्स भोजन सेवा में स्व प्राणहिता शुक्ला को दी श्रद्धांजलि

**खण्डवा।** लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर में संचालित लायन्स भोजन सेवा केंद्र में देहदानी स्वर्गीय प्राणहिता शुक्ला की जन्म जयन्ति पर मरीजो,परिजनों व जरूरतमंदों को शुक्ला परिवार के सहयोग से भोजन कराया गया।नारायण बाहेती व सुनील जैन ने बताया कि गत दिनों सुश्री प्राणहिता शुक्ला के देवलोकगमन पश्चात उनकी अंतिम इच्छानुसार भाई अविनाश शुक्ला व शुक्ला परिवार द्वारा लायन्स नेत्रदान एवं अंगदान जनजागृति समिति के सहयोग से उनकी मृत देह को मेडिकल कालेज में दान किया



गया था।जन्मजयन्ति के अवसर पर लायन्स क्लब खण्डवा आनन्द के अध्यक्ष हरदीपसिंह खरबंदा, झोंन चेयरपर्सन पवन दीक्षित, पूर्व झोंन चेयरमैन अविनाश शुक्ला व शुक्ला परिवार के सदस्यों ने आज के भोजन में सहयोग कर मरीजो परिजनों व जरूरतमन्दों को अपने हाथों विशेष भोजन परोसा।इस अवसर पर भोजन सेवा केंद्र के गांधी प्रसाद गदले,नारायण बाहेती, राजीव शर्मा,झोंन चेयरपर्सन राजीव मालवीय व बी आर तिरोले,सनत श्रीमाली,शशीला गदले,समाजसेवी सुनील जैन,मुकेश मैथिल आदि ने उपस्थित रहकर स्व सुश्री प्राणहिता शुक्ला जी को श्रद्धांजलि दी।सचिव घनश्याम वाधवा ने सभी का आभार माना .

# जरूरतमंद मरीजों को रोटरी क्लब भी देगा ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर

**खंडवा।** रोटरी क्लब समाजसेवा में अलग-अलग प्रकल्पों के माध्यम से समाजसेवा के क्षेत्र में काम करती है। वर्तमान में रोटरी भवन में मरीजों के ठहरने के लिए पलंग और कंबल देती है। इसी कड़ी में बुधवार को खंडवा प्रवास पर आये इंदौर के जयेश शाह ने रोटरी क्लब खंडवा को ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर रोटरी अध्यक्ष जगदीश पालीवाल, सचिव सतनामसिंह होरा को प्रदान किया। जिससे मरीजों को आक्सीजन की जरूरत के समय यह उपकरण प्रारंभिक तौर पर मदद करने में सहायक होगा। रोटरी क्लब जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क



ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर उपलब्ध कराएंगा। जयेश शाह का रोटरी क्लब ने स्वागत करते हुए आगामी प्रकल्पों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर क्लब ट्रेनर अभिषेक गुप्ता, कोषाध्यक्ष रोहित मेहता, उपाध्यक्ष भूपेश पचौरी, मुकेश गौर और आशीष जायसवाल मौजूद थे।

# चिकित्सक के साथ हुई घटना की श्रीमद भागवत समिति और रोटरी क्लब ने की घोर निंदा

**खंडवा।** श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ समिति मयूर विहार और रोटरी क्लब वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एसएल गुप्ता के साथ किये गए कृत्य की घोर निंदा करता है।

समिति के सतनाम सिंह होरा ने कहा पिछले वर्ष डॉ. एसएल गुप्ता का सम्मान भागवत समिति ने किया था. मरीजों का नाम मात्र शुल्क लेकर उनका इलाज करने और समाज सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहे वाले ऐसे चिकित्सक के साथ मारपीट करना बहुत शर्मनाक है। रोटरी क्लब और भागवत समिति प्रशासन से मांग करती है की दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होना चाहिए।

रोटरी अध्यक्ष जगदीश पालीवाल ने कहा डॉ. एसएल गुप्ता हमेशा मरीजों के लिए 80 वर्ष में भी सेवा दे रहे है। कई मरीजों से शुल्क भी नहीं लेते। साथ ही कई बार दवाई का खर्च भी दे देते है। रोटरी क्लब और भागवत समिति के अभिषेक गुप्ता, रोहित मेहता, भूपेश पचौरी, मुकेश गौर, आशीष जायसवाल, धर्मेंद्र शर्मा, डॉ. महेश पटेल ने प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है।



### पोषण मटका बना पोषण जागरुकता का आधार

**खण्डवा ।** राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत पुनासा ब्लॉक में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा आंगनवाड़ी में पोषण मटका प्रदर्शनी के तौर पर लगाया गया है।परियोजना अधिकारी श्री राजेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि पोषण मटके में कोई भी ग्रामीण जन अनाज, फल, सब्जी दान कर सकता है। ये आंगनवाड़ी में दर्ज बच्चे, गर्भवती माता और धात्री माता के पोषण में सुधार का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा पोषक तत्वों का महत्व, अनाज,दालें, दूध, फल और सब्जियों का उपयोग खाने मे किस प्रकार से किया जाए इस संबंध में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। परियोजना अधिकारी श्री सोलंकी के ने बताया कि पोषण के प्रति सभी को जागरूक करना हम सभी का कर्तव्य है। छोटे बच्चों को बाजार में मिलने वाले फास्ट फूड से कैसे दूर रखें और कैसे हम सभी को पोषण के प्रति जागरुक कर सकें यही हमारा प्रयास है। क्योंकि सही पोषण ही जीवन का मजबूत आधार है।

# पर्युषण पर्व पर पोरवाड़ सामाजिक मंच की भजन प्रतियोगिता सम्पन्न

### तीन श्रेणी में अंतरा सेठी, जलज जैन एवं श्रीमती पिंकी पंचोलिया रहे प्रथम विजेता

**खण्डवा।** खंडवा शहर में पोरवाड़ दिगंबर जैन धर्मशाला में मुनि श्री विनतसागर जी एवं विश्वमित सागर जी महाराज के चातुर्मास के दौरान धर्म की प्रभावना एवं पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व भक्ति भाव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि पर्व के दौरान 11 सितंबर बुधवार को रात्रि में 8.30 बजे से पोरवाड़ दिगम्बर जैन धर्मशाला में अंतर्राष्ट्रीय दिगंबर जैन पोरवाड़ सामाजिक मंच द्वारा समाजजनों की प्रतिभा को उभारने के लिए भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समान्नित अतिथियों, मंच



पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं श्रीमति शालू जैन,श्रीमती नमिता जैन,श्रीमती योगिता जैन द्वारा मंगलाचरण से प्रतियोगिता का आरंभ किया गया।मंच संचालन श्रीमती नमिता जैन द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में 40 से अधिक समाज जनों ने भजन की प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में संगीत कला विद्यालय में अध्यनरत श्रीमति पूजा पूरा राजपाल एवं श्रीमति राखी वासुदेव उपस्थित रहे। सामाजिक मंच के मीडिया प्रभारी प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता में 5 से 8 वर्ष वर्ग में प्रथम अंतरा सेठी,द्वितीय नैतन्या जैन ,तृतीय अनाया जैन 9 से 18 वर्ष वर्ग में प्रथम जलज जैन ,द्वितीय परिशी जैन तृतीय मान्या जैन एवं 18 वर्ष से अधिक वर्ग में प्रथम श्रीमति पिंकी पंचोलिया,द्वितीय मोहित जैन भोपाल,तृतीय श्रीमति भाग्यश्री जैन रहे।सभी विजेताओं को मंच की और से पुरुस्कार वितरित किये गए।अंत मे आभार सांस्कृतिक सचिव स्वीटी सुधांशु चौधरी , मंच अध्यक्ष प्रियंका अमित जैन ,प्रेमांशु जैन अधिवक्ता एवं मनीष जैन ने सभी का आभार माना ।

# छैगांवमाखन आंगनवाड़ी केन्द्र में मंगल दिवस का किया आयोजन

**खण्डवा ।** परियोजना छैगांवमाखन अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्र छैगांवदेवी में सामुदायिक गतिविधि अंतर्गत मंगल दिवस का आयोजन किया गया। आंगनवाड़ी केन्द्र में महिला बाल विकास विभाग द्वारा निर्धारित द्वितीय मंगलवार गोद भराई कार्यक्रम अंतर्गत पात्र गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई। आंगनवाड़ी केन्द्र में दर्ज बच्चों को कृमिनाशक दवाई एलबेंडाजॉल दी गई, गर्भवती महिलाओं को गर्म भोजन कराने के पश्चात पूरक पोषण आहार का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग से ए.एन.एम. श्रीमति पिंकी मोरे द्वारा गर्भावस्था में नियमित



स्वास्थ्य जाँच,ए.एन.सी. जांच, टीकाकरण कराये जाने आदि की जानकारी दी गई। आंगनावड़ी कार्यकर्ता श्रीमति वंदना वाघे द्वारा गर्भवती महिलाओं को पैकेट बंद पूरक पोषण आहार प्रदाय कर उनके उपयोग तथा पौष्टिक आहार के संबंध में जानकारी दी गई। सैक्टर सुरपरवाईजर श्रीमति रेखा पटेल द्वारा 1 सितम्बर से 30 सितम्बर तक मनाये जा रहे पोषण माह की जानकारी दी गई। परियोजना अधिकारी नन्दराम चौहान ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार लेने, गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान स्वास्थ्य की देख-भाल करने तथा आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्णता अभियान की जानकारी दी गई।उन्होंने बताया कि परियोजना छैगांवमाखन की सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में इसी प्रकार प्रति मंगलवार सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मंगल दिवस कार्यक्रम में ग्राम छेगांवदेवी की गर्भवती महिलायें, धात्री मातायें, किशोरी बालिकायें तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका एवं आशा कार्यकर्ता भी उपस्थित थी।

### शासकीय स्कूलों में लगाए टी.डी. के टीके

**खण्डवा ।** राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान के तहत् गुरुवार को शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय स्कूलों में टी.डी. के टीके लगाये गये। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अनिल तंतवार ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से सरकारी स्कूल एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के शिक्षा केन्द्रों पर वैक्सीनेशन किया जा रहा है। 5 वर्ष की आयु के बच्चों को डी.पी.टी.,10 वर्ष एवं 16 वर्ष के बच्चों को टी.डी. वैक्सीन लगाने के लिये प्रति गुरुवार को शासकीय स्कूलों में टीकाकरण अभियान आयोजित किया जा रहा है। यह अभियान अगस्त, सितम्बर, अक्टूबर तीन माह तक चलाया जायेगा। यह टीके गलघोंटू, काली खांसी एवं टिट्नेस जैसी बिमारी के बचाव के लिए लगाये जा रहे हैं।



# श्रद्धालुओं के सुविधा के लिए श्रीजी मंदिर ट्रस्ट एनएसडीसी के माध्यम से ब्रह्मपुरी एवं मांधाता क्षेत्र में छोटा रटा व पुल बनाने की मांग का सुझाव का पत्र लिखा

**ओंकारेश्वर ( नि प्र )।** शिव की नगरी ओकारेश्वर में आने वाले शिव भक्तों की सुविधा तथा 2028 को मध्य नजर रखते हुए मांधाता क्षेत्र से ब्रह्मपुरी क्षेत्र के बीच नर्मदा तट पर रपटा ( पुल ) बनाया जाता है तो भीड़भाड के दौरान भक्तों को सुविधा होगी ।

श्री जी मंदिर ट्रस्ट एवं एनएचडीसी के माध्यम से र पटा बनाया जाए इस आशय की मांग भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा मंडल मीडिया प्रभारी श्रीमती ममता दुबे ने कलेक्टर अनूप कुमार सिंह तथा एनएचडीसी महाप्रबंधक वरिष्ठ कार्यालय को पत्र भेजकर सुझाव दिया है श्रीमती ममता दुबे ने कहा ओंकारेश्वर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा



को मध्य नजर रखते हुए मांधाता क्षेत्र के कोटि तीर्थ घाट एवं ब्रह्मपुरी क्षेत्र की चट्टानों के बीच प्रदेश की शिवराज सरकार के द्वारा नागर घाट के नीचे सुविधा के लिए रास्ता बनाया था जिसका लाभ ओकार पर्वत के लोगों को मिल रहा है तथा भीड़भाड़ में उपयोगी सिद्ध हो रहा है इसी प्रकार आगामी सिहस्थ 28 की व्यवस्था एवं भीड़भाड़ के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन के बाद मांधाता क्षेत्र से ब्रह्मपुरी क्षेत्र आने-जाने के लिए चट्टानों के बीच ओंकारेश्वर बांध परियोजना से छोड़े जाने वाले लगभग 10 हजार क्यु मेक्स पानी के लेवल के ऊपर पानी की सतह को देखते हुए छोट रपटा पुल बनाया जाता है तो काफी उपयोगी सिद्ध होगा।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए श्रीजी मंदिर ट्रस्ट एनएचडीसी के माध्यम से रपटा बनाने का सुझाव अच्छा है

वरिष्ठ अधिकारियों एवं ट्रस्ट की बैठक में ही यह प्रस्ताव लिया जा सकता है

**राजेंद्र सस्तिया प्रशासक**
**श्रीजी मंदिर ट्रस्ट**

# कुंण्डलो से पड़ा नगर परिषद क्षेत्र में कबाड़ा निकाय नहीं दे रही ध्यान

**ओंकारेश्वर ( ललित दुबे )।** नगर परिषद के नेचुरल गार्डन .फायर स्टेशन एवं अन्य स्थानों पर कुं टलो से पड़ा कबाड़ा अव्यवस्था फैला रहा है जिसको नगर परिषद के हित में नीलामी प्रक्रिया के तहत कबाडे को खाली करने के लिए नगर परिषद ने अभी तक कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं किया जबकि सीहस्त 2016 के दौरान बड़ी संख्या में टिन सेट चलित शौचालय के अलावा मूलभूत सुविधाओं के लिए लाखों रुपए की सामग्री प्रदेश के तत्कालीन सरकार के द्वारा यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा दी थी जो लापरवाही के चलते कबाड़ में तब्दील सामग्री अब अन उपयोगी सिद्ध हो रही है तथा लोग उठाकर ले



जा रहे हैं है सिहस्थ2016 के बाद परिषद बदली किंतु अव्यवस्थाएं तथा कबाड़ा अभी भी जस का तस पडा है ओंकारेश्वर के नेचुरल गार्डन जिसे तत्कालीन विधायक स्वर्गीय लोकेंद्र सिंह तोमर द्वारा नेचुरल गार्डन को सर्व सुविधा युक्त बनाने के लिए जनप्रतिनिधि तथा जिम्मेदार लोगों की बैठक लेकर गार्डन को आने वाले श्रद्धालुओं नगर वासियों तथा बच्चों की सुविधा के लिए झूले रेलगाड़ी वृक्ष लगाकर सुबह व्यवस्थित करने के प्रयास प्रारंभ किए थे किंतु विधायक लोकेंद्र सिंह तोमर का स्वास्थ्य खराब होते अमली जामा पहनाने के पूर्व दिवंगत हो गए जब से व्यवस्था पूरी तरह से लापरवाही के चलते नेचुरल गार्डन वर्तमान अव्यवस्था का केंद्र बना हुआ है नगर परिषद द्वारा पड़े कबाडे को नीलामी प्रक्रिया को अन्य सुविधा के तहत बेचकर निकाय आय अर्जित कर सकती है तथा कबाड़ा हटाने से व्यवस्था सुव्यवस्थित होगी

**क्या कहते हैं जिम्मेदार -** निकाय क्षेत्र में नेचुरल गार्डन व अन्य स्थानों पर पड़े कबाडे को लेकर पीआईसी में स्वीकृति लेकर नीलामी प्रक्रिया शीघ्र की जाएगी

**संजय गीते सीएमओ**
**नगर परिषद ओंकारेश्वर**

## बालाजी मंदिर से निकलेगी भगवान श्री कृष्ण की ड़ोल यात्रा

**खंडवा ।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी डोल ग्यारस के पावन पर्व पर 14 सितंबर शनिवार को घन्टाघर चौक स्थित श्री तिरूपति बालाजी मन्दिर से भगवान श्री कृष्ण, यशोदा मैया का डोला भगवान श्री कृष्ण कि जलवा पूजन हेतु निकाला जावेगा, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि भगवान कृष्ण जन्म के 11 दिन माता यशोदा ने उनका जलवा पूजन किया था, इसी दिन को डोल ग्यारस के रूप में मनाया जाता है, जलवा पूजन के बाद ही संस्कारों की शुरुआत होती है डोल ग्यारस के दिन भगवान कृष्ण को डोल में बिठाकर झांकी सजाकर डोला निकाला जाता है, प्राचीन परंपरा अनुसार घंटाघर स्थित बालाजी मंदिर मंदिर में प्रातःकाल से यशोदा मैंया कि गोद भराई समस्त धर्मप्रेमी जनता द्वारा सम्पन्न होगी, मंदिर के पुजारी अचार्य पंडित कमलेश शर्मा ने बताया कि शनिवार को पूजन के पश्चात मन्दिर से डोला प्रस्थान करेगा जो कि घन्टाघर चौंक, नगर निगम, जलेबी चौंक, शेर चौराहा, पडावा, अव्हाड मोहल्ला होते हुये पदमकुण्ड पहुँचेगा जहाँ भगवान श्री कृष्ण का जल पूँजन आरती प्रसादी वितरण समपन्न होगा, तत् पश्चात डोला पुनः पदम नगर थाने के सामने से होते हुये जीडीसी कालेज मेन अस्पताल, के सामने से होते हुये खडकपुरा, हाटकेश्वर मन्दिर सराफा शितला माता मन्दिर, रामगंज, बुधवारा, बाम्बें बजार होते हुये बालाजी मंदिर पहुंचेगा, जगह-जगह पर डोल यात्रा का पूजन एवं आरती भी श्रद्धालुओं द्वारा की जाएगी, यात्रा के मंदिर पहुंचने पर समस्त धर्मप्रेमीऔ द्वारा आरती की जाएगी, आरती पश्चात प्रसादी का वितरण होगा ।

## सराफा स्थित गणेश मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कर रहे हैं दर्शन



**खंडवा ।** प्रथम पूजनीय भगवान श्री गणेश जी का जी का दस दिवसीय गणेश महोत्सव चल रहा है, घरों के साथ ही नगर के प्रमुख स्थानो एवं चौराहों पर जहां बड़ी आकर्षक प्रतिमा एवं आकर्षक झांकियां का निर्माण किया गया, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि सराफा स्थित प्राचीन गणेश मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंच रहे हैं, बुधवार भगवान श्री गणेश का दिन है सराफा स्थित प्राचीन गणेश जी की प्रतिमा का विशेष आकर्षक श्रृंगार एवं आकर्षक वस्त्र भगवान श्री गणेश को पहनाए गए, साथ ही मंदिर को आकर्षक फूलों से सजाया गया, सराफा स्थित भगवान श्री गणेश के दर्शन करने बुधवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान श्री गणेश के दर्शन किए लड्डू का भोग लगाया एवं महा आरती में शामिल हुए ।

## श्री श्याम कीर्तन का आयोजन



**खंडवा** आज पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में श्री गणेश उत्सव के उपलक्ष्य में श्री श्याम कीर्तन का आयोजन किया गया . जिसके गायक कलाकार श्री पीयूष जी पाल, सचिन मालाकार और प्रवीण सोलंकी जी के द्वारा बहुत ही सुंदर श्याम गीत गाये गये . कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंडवा की महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव जी और कालोनाईजर एवम समाज सेवी श्री रितेश जी गोयल रहें . अयोजक एम.जे.पी. पॉलिटेक्निक गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष श्री लकी जी भालराय ने कहा कि हम आगे भी इसी तरह के आयोजन करते रहेंगे. कार्यक्रम की व्यवस्था प्रियांश राठौर , खुश मालवीय, यशराज सिंग राजपूत, चेतन महाजन, विशाल राणे, गजेंद्र सिंग परिहार और राघवेंद्र राजपूत द्वारा संभाली गई।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कल्यानगंज खंडवा विजई रहा



**खंडवा** 35 वां क्षेत्र स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता दिनांक 8 सितंबर से 11 सितंबर 2024 को वनखेड़े जिला नर्मदा पुरम में संपन्न हुई इस प्रतियोगिता में स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कल्यानगंज खंडवा विद्यालय के अंडर 17 व 19 के भैया बहनों ने भी सहभागिता की थी इस प्रतियोगिता में तरुण वर्ग की बहने, किशोर वर्ग की बहने व किशोर वर्ग के भैयाओं ने अपने प्रतिद्वंद्वी टीम को परास्त कर विजय प्राप्त की इनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय समिति के पदाधिकारीगण,विभाग समन्वयक श्री सत्यनारायण जी लववंशी, संस्था प्राचार्य श्रीमती शोभा तोमर दीदी,प्रधानाचार्य श्री दिलीप जी सपकाले,श्री जितेंद्र जी महाजन,श्री राधेश्याम जी चौहान सहित विद्यालय परिवार ने बधाई दी.

## वचरे जिला महासचिव,व भोमारे ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त





**खंडवा ।** मप्र अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ अजाक्स में रिक्त पदों पर नियुक्तियां माननीय जे. एन. कांसोटिया वरिष्ठ आइएएस प्रांताध्यक्ष अजाक्स भोपाल की अनुमति तथा संगठन में निहित शक्तियों का उपयोग करते हुए अजाक्स ब्लाक अध्यक्ष खंडवा के पद पर श्री कमलकांत भोमारे माध्यमिक शिक्षक हाईस्कूल रामनगर को तथा श्री बाबूलाल अवचरे मंडी उप निरीक्षक को अजाक्स जिला महासचिव के पद पर नियुक्ति संघ के जिलाध्यक्ष प्रेमलाल कोठारे द्वारा की गई। उनकी नियुक्ति पर श्रीराम भुसारिया, महेश मांडले, संघमित्रा खातरकर,पुष्पा अटूट, शिवनारायण माणिक, आनंद सावनेर, संजय मंडलोई, संतोष गंवई, संजय कनारे,प्रदीप डानल, सुनील मर्सकोले,आदि अजाक्स पदाधिकारियों ने बधाई शुभकामनाए दी।

# ईद मिलादुन्नबी जुलूस के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए मुस्लिम समाज के गणमान्य नागरिकों के साथ कंट्रोल रूम मे पुलिस अधीक्षक द्वारा ली गई बैठक

### त्योहार के दौरान व्यवधान उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध होगी सख्त प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक खण्डवा श्री मनोज कुमार राय के द्वारा दिनांक 12.09.24 को कंट्रोल रूम खंडवा शहर मे ईद मिलादुन्नबी जुलूस के आयोजन के संबंध मे बैठक ली गई।

जिसमे जुलूस आयोजन के प्रमुखो एवं शहर के मुस्लिम समाज के गणमान्य नागरिक व जुलूस निकालने वाले मोहल्ला प्रमुख के साथ अतिरिक्तस जिला दण्डाधिकारी श्री काशीराम बडोले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री महेन्द्र तारणेकर, एस.डी.एम श्री बजरंग बहादुर, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री अनिल सिंह चौहान, नगर पुलिस अधीक्षक खण्डवा श्री अरविन्द सिंह तोमर, उप पुलिस अधीक्षक अजाक खंडवा श्री महेश दुबे, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अशोक सिंह चौहान, थाना प्रभारी मोघटरोड निरीक्षक धीरेश धारवाल, थाना प्रभारी पदमनगर उनि राजेन्द्र सायदे, रक्षित निरीक्षक अरविन्द दाँगी एवं कंट्रोल रूम प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। बैठक मे उपस्थित सदस्यों से ईद मिलादुन्नबी जुलूस को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई, सभी ने बताया कि जुलूस दिनांक 16.09.24 को प्रातः 10ः00 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 02ः00 बजे समाप्त होगा। बैठक मे जुलूस आयोजन के प्रमुख एवं उनके सदस्यों को बताया गया कि सभी जुलूस मे सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु स्वयं के वालेंटियर रखेंगे। डीजे का प्रयोग पूर्णतः वर्जित है। समारोह के आयोजक इस बात का भी ध्यान रखेंगे कि यातायात व्यवस्था बाधित न हो। जुलूस को निर्धारित रूट पर निर्धारित समय पर निकालने हेतु बताया गया। आपत्तिजनक नारे न लगाने एवं आपत्तिजनक बैनर लेकर न चलने हेतु बताया गया। जुलूस मे पटाखे एवं गन से फायर करने वाले पटाखे का उपयोग न करने पर सभी ने सहमति जताई, यदि किसी के द्वारा जुलूस मे ऐसे पटाखों का उपयोग किया जाता है तो उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। जुलूस निकालने के रास्ते मे यदि गणेश पंडाल पड़ता है तो दोनों समुदायों के वॉलेंटीयर उपस्थित रह कर जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से आगे बड़ाएंगे। असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए बाउन्ड ओवर की कार्यवाही की जा रही है, यदि असामाजिक तत्वों द्वारा शांति व्यवस्था मे किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न किया जाता है तो उनकी जमानत राशि की जप्ती की कार्यवाही एवं जेल भेजने की कार्यवाही की जाएगी। सभी से ईद मिलादुन्नबी के त्योहार एवं अनंत चतुर्दशी को गणेश विसर्जन तथा चल समारोह को शांति एवं सौहार्द पूर्वक मनाने की बात कही गई।



## कृषि उपज मंडी में नगर परिषद ने बनाई अस्थाई गौशाला

**मुंदी।** नगर परिषद मुंदी ने बेशहारा गोवंश के लिए अब अस्थाई तौर पर नगर के बीड़ रोड स्थित कृषि उपज मंडी मुंदी मे अस्थाई व्यवस्था की है। जहाँ गायों के लिए परिषद द्वारा चारे-भूसे की व्यवस्था कर देखरेख लगातार की जा रही है वही स्थाई गौशाला के परिषद द्वारा जमीन की तलाश की जा रही है।विदित हो की पूर्व मे नगर परिषद की और से नगर के वार्ड क्रमांक 02मे केके पटेल के बड़े मे गायों को रखा गया था जहां जगह पर्याप्त कम होने के कारण दिक्कत हो रही थी।

### स्थाई गोशाला के लिए कर रहे प्रयास

नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं सांसद प्रतिनिधि चन्द्रमोहन राठौर ने बताया की बेसहारा गायों के लिए अभी अस्थाई व्यवस्था कर रहे है मुंदी नगर मे स्थाई गौशाला के लिए जमीन की तलाश कर रहे है।इधर मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय जैन ने बताया की परिषद द्वारा गायों को गौशाला तक छोड़ने मे काफ़ी दिक्क़तो का सामना करना पड रहा है। पुलिस प्रशासन द्वारा रोके जाने एवं गौशाला संचालको द्वारा व ग्राम पंचायत द्वारा गाये नहीं लेने की शिकायते भी आ रही है। कुछ जगह तो विवाद जैसी स्थिति भी निर्मित हो गई थी जिसको लेकर जिला कलेक्टर महोदय को एक पत्र लिखा है। जिसमे सुरक्षा की मांग की गई है।

### नगर मे कम नहीं हो रही गाये

नगर परिषद द्वारा बेसहारा गायों को विगत कई दिनों से लगातार पकड़ने के बावजूद भी नगर में गायों की संख्या कम नहीं हो रही है इसका मुख्य कारण बताया जा रहा है कि आसपास ग्राम पंचायत के लोग रात के अंधेरे में गाय को मुंदी नगरीय क्षेत्र में छोड़ जाते हैं जिसके चलते नगर में गायों की संख्या कम नहीं हो रही है और लगातार मुख्य मार्गो पर नजर आ रही है मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय जैन ने अपील की ही कि आसपास के लोग गायों को मुंदी में ना छोड़े ग्रामीण स्तर पर ही व्यवस्था का गायों को रखें या गौशाला तक पहुचाये ।

## आत्म कल्याण और आत्म शुद्धी के महान पर्युषण पर्व पर हो रही है भक्ति और शक्ति की आराधना

**खंडवा ।** दिगंबर जैन समाज ने गुरुवार को दशलक्षण पर्व का उत्तम सत्य धर्म का दिन बडे ही भक्ति,त्याग और तप के साथ मनाया गया,आत्म कल्याण और आत्म शुद्धी का महान पर्यूषण पर्व प मुनि संघ के सानिध्य में भक्ति शक्ति और तपस्या के साथ मनाया जा रहा है, समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि सामाजिक बंधु पर्व के दौरान अपनी शक्ति अनुसार दर्शन, पूजा, अभिषेक ,शांति धारा एवं उपवास की तपस्या कर रहे हैं, धार्मिक उत्साह के साथ खंडवा के दिगंबर जैन मंदिरों के साथ ही मुख्य आयोजन सराफा पोरवाल जैन धर्मशाला में मुनि श्री विनत सागर एवं विश्वमित सागर जी महाराज के परम सानिध्य में आयोजित हो रहा है, भगवान के अभिषेक, शांति धारा, 10 लक्षण धर्म की पूजा एवं 10 धर्म पर मुनि श्री के विशेष प्रवचन भी हो रहे हैं हो रहे हैं, शाम को गुरु भक्ति के साथ महाआरती एवं रात्रि में अलग-अलग मंडलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी चल रहा है, पर्व के पांचवें दिन उत्तम सत्य धर्म पर प्रवचन देते हुए मुनि श्री विनत सागर महाराज ने कहा कि सत्य को जैन सिद्धांत में धर्म की संज्ञा दी गयी है, क्षमा , मार्दव , आर्जव , शौच आत्मा का स्वभाव है , वहीं सत्य संयम तप त्याग इन गुणों को प्रगट करने के उपाय हैं,ये वो साधन हैं जिनसे हम आत्मिक गुणों की अनुभूति और प्रकट कर सकते हैं, जैन दर्शन में सत्य का अर्थ हित-मित-प्रिय वचन बोलने से है, मुनि श्री ने कहा कि हितकारी वचन यानि जिसमें जीव मात्र की भलाई हो , कहने का अभिप्राय ये है कि जिन वचनों से यदि किसी जीव का अहित होता हो तो वे वचन सत्य होते हुये भी असत्य ही है, मित यानि मीठा बोलो अर्थात् कड़वे वचन , तीखे वचन , व्यंग्य परक वचन , परनिंदा , पीड़ाकारक वचन सत्य होते हुये भी असत्य ही माने गये हैं। प्रिय वचन यानि जो सुनने में भी अच्छे लगे , ऐसे वचन ही सत्य वचन हैं,जो वचन प्रशस्त , कल्याणकारक , तथा सुनने वाले को आह्लाद उत्पन्न करने वाले , उपकारी हों ऐसे वचनों को ही सत्यव्रतियों ने सत्य कहा हें, जिनेंद्र देव के अनुयायी वहीं हैं जो सत्य धर्म के कठोर उपासक हैं,

दशलक्षण पर्व मे आज पूज्य मुनिराज के मुखारविंद से विश्वशांति की भावना के साथ आज भगवान की शांतिधारा का पुण्यार्जन पर्व के दौरान पांच उपवास करने वाले दीपक पद्मा जी सेठी ने एवं चार कलशों का पुण्यार्जन सुरेश जैन, विकास पाटनी , सचिन जैन, एकांश जैन ने प्राप्त किया, मुनी सेवा समिति के प्रचार मंत्री सुनील जैन प्रेमांशु जैन ने बताया कि पूजन की मांगलिक क्रियायें, चित्र अनावरण, प्रथम अभिषेक, मुनिसंघ का पाद प्रक्षालन सौधर्म-शचि रुप में करने का सौभाग्य संदीप-योगिता जैन परिवार ने प्राप्त किया, बाकानेर के श्रावक श्रेष्ठी विनोद किरण डोसी ने तीन दिवस पूजन द्रव्य प्रदाता होकर मुनिसंघ के सम्मुख शास्त्र भेंट का पुण्यार्जन किया ,सभा के प्रमुख श्रोता के रूप में मुनिराज से जिज्ञासा समाधान श्रीमती सुधा सुभाष सेठी ने प्राप्त किया, इस अवसर पर गुरु कलश हेतु पुण्यार्जकों को पूज्य मुनिराज ने आशीष प्रदान किया,

पर्व के दौरान शुक्रवार को नित्य कार्यक्रम के साथ जैन समाज सुगंधदशमी भी मनायेगा,जहां साधर्मी बंधु दोपहर बाद नगर के सभी मंदिरों में अपने विगत सभी जाने अनजाने कर्मों की निर्जरा हेतु प्रार्थना करने पहुंचेंगे।

धूप का खेवन करेंगे, इस अवसर पर सराफा जैन धर्मशाला में आरती सजाओ प्रतियोगिता भी रखी गयी हें, मुनि सेवा समिति के विजय सेठी, कैलाश पहाडिया, पंकज जैन महल, पंकज सेठी,नीरज बैनाडा, अविनाश जैन, अर्पित जैन, प्रेमांशु जैन, सुनील जैन ने सभी साधर्मी बंधुओं से पूजन एवं आगामी कार्यक्रमों मैं उपस्थित होकर तन मन धन से सहयोग का आव्हान किया। पर्व के दौरान प्रतिदिन पार्श्वनाथ जैन मंदिर में अभिषेक एवं शांति धारा की जा रही है,गुरुवार को पंडित निखिलेश जैन के निर्देशन में कांतिलाल एवं अक्षय जैन के भजनों के बीच अक्षय कुमार, डॉक्टर आशीष जैन महल परिवार द्वारा सभी के कल्याण के लिए शांति धारा की गई।

### देपालपुर में डेंगू का प्रकोप-नगर परिषद की निष्क्रियता पर सवाल

**देपालपुर।** नगर के वार्ड क्रमांक 15 में डेंगू के मरीजों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है, लेकिन नगर परिषद देपालपुर द्वारा मच्छरों का प्रकोप कम करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। पिछले साल तत्कालीन सीएमओ श्रीमती संध्या सरयाम द्वारा मच्छरों के प्रकोप को कम करने के लिए फागिंग मशीन से निरंतर धुआं किया जा रहा था, जिसके कारण पिछले दो सालों से देपालपुर नगरीय क्षेत्र में डेंगू के मरीज नहीं पाए गए थे।

## जीरो वेस्ट इवेंट: स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल

**खंडवा ।** नगर निगम द्वारा आयोजित जीरो वेस्ट इवेंट के तहत पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पहला कार्यक्रम राजा बड़ा बम चौक पर नगर निगम आयुक्त श्री नीलेश दुबे एवं सफाई मित्रों द्वारा आयोजित किया गया, जहां गणपति जी की आरती कर स्वच्छता की शपथ ली गई।

इस अवसर पर आयुक्त महोदय ने वहां उपस्थित जनता को पॉलिथीन का उपयोग न करने का संदेश दिया और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनने की अपील की। लगभग 50 सफाई मित्र इस आरती में सम्मिलित हुए और उन्होंने भी पॉलिथीन मुक्त वातावरण के लिए अपने संकल्प को दोहराया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पॉलिथीन बैन को बढ़ावा देना था, ताकि स्वच्छ और हरित खंडवा का निर्माण हो सके। दूसरा कार्यक्रम गोल्डन ग्रुप द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर बनाई गई झांकी के साथ आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में माननीय महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव जी ने गणपति पंडाल में आरती कर वहां उपस्थित भक्तों को पॉलिथीन का उपयोग न करने की शपथ दिलाई। इस झांकी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया गया और भक्तों को प्रकृति को संरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों ने इस अवसर पर महापौर जी के साथ पर्यावरण बचाने और पॉलिथीन का उपयोग न करने का संकल्प लिया। दोनों ही कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य खंडवा को स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल शहर बनाना था, जहां पॉलिथीन का उपयोग न्यूनतम हो और लोग स्वच्छता व हरित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित हों।

## श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में छप्पन भोग लगाकर निभाई विगत 21 वर्षो से जारी परम्परा

### गणपति बप्पा मोरया के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान हुआ किशोर नगर क्षेत्र



**खंडवा।** किशोर नगर स्थित श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में क्षेत्रवासियों के सहयोग से भगवान श्रीगणेश जी को छप्पन भोग का आयोजन मंदिर पुजारी पं. श्री संजय राजवैध के सानिध्य में बुधवार को हुआ। यह जानकारी देते हुए आशीष अग्रवाल एवं निर्मल मंगवानी ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन श्री सिध्दीविनायक गणेश मंडल के तत्वावधान में विशेष अतिथि के रूप में मंगल यादव एवं महापौर अम?ता अमर यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री सेवादास पटेल, वार्ड पार्षद स्वाति सुधीर साकल्ले, वार्ड पार्षद अनिता आशीष शर्मा, इनरव्हील क्लब खंडवा स्पार्कल्स संस्थापक अध्यक्ष पिंकी राठौर मुख्य अतिथियों की मौजूदगी में हुआ। कार्यक्रम के पूर्व में इनरव्हील क्लब खंडवा स्पार्कल्स पदाधिकारियों व्दारा स्वच्छता का संदेश दिया एवं वेस्ट से बेस्ट प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान रिद्धि सिद्धि के दाता श्रीगणेश जी की आरती एवं 56 भोग महाप्रसादी पश्चात केक काटकर भगवान श्रीगणेश जी का जन्मोत्सव मनाया गया। आरती के दौरान गणपति बप्पा मोरया के गगनभेदी जयकारों एवं ढोल नगाड़ों की थाप से किशोर नगर क्षेत्र गुंजायमान हुआ। छप्पन भोग में पं. मनोज उपाध्याय, आशीष अग्रवाल, मनोहर चन्दानी, किशोर नगर रहवासी संघ अध्यक्ष पं. प्रेमनारायण तिवारी, शिवनारायण लाड़, हीरालाल पटेल, सुनील सोमानी, केएल सोनी, शेलेन्द्र मौर्य, अभिषेक अग्रवाल, श्री धड़नेकर जी, दिनेश बरोले, श्रंगी उपाध्याय, नंदकुमार भगत, निर्मल मंगवानी, दीपक तांबट, राजू लोधे, राजू चतुर्वेदी, रजत दुबे, इनरव्हील क्लब खंडवा स्पार्कल्स वर्तमान अध्यक्ष संगीता जैन, क्लब सम्पादक मीरा व्यास, अन्नपूर्णा तंवर, आरती चौहान, श्री सिध्दीविनायक गणेश महिला मंडल की मातृशक्ति आदि सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासीगण उपस्थित थे।

# जिले मे 03 आबकारी एक्ट व एक जुआ एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध

### त्योहारो के मद्देनजर 75 असामाजिक तत्त्वो के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री महेंद्र तारणेकर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन मे कुल 18 गिरफ्तारी वारंट, 01 स्थाई वारंट, 30 जमानती वारंट, 55 समंस जिले के विभिन्न थानो के द्वारा अलग अलग न्यायालय के तामील किये गए। जिले मे दिनांक 11.09.24 को अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए थाना छैगांवमाखन में आरोपी गणेश पिता नंदलाल जाति निहाल उम्र 24 साल निवासी ग्राम सहेजला के कब्जे से अवैध 12 लीटर कच्ची हाथ भट्टी महुआ शराब कीमती 600/-रुपये की जप्त की गई। थाना मांधाता में आरोपिया ममताबाई पति दिनेश भिलाला उम्र 38 साल निवासी वार्ड 03 ओंकारेश्वर के कब्जे से हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब 07 लीटर कीमती 700/- रुपये की जप्त की गई। थाना किल्लौद में आरोपी गोपाल राव पिता बाबू राव जाति बंजारा उम्र 53 साल निवासी ग्राम कुण्डिया के कब्जे से देशी प्लने मदिरा शराब के 20 क्वाटर कीमती 1800/- रुपये की जप्त की गई। उपरोक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। जिले मे यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालको के विरुद्ध बिना हेलमेट, सीट बेल्ट ना लगाने वाले तथा अन्य यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले कुल 30 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्यवाही की गई एवं समन शुल्क 20800/-रुपये वसूल किए गए है। साथ ही उप पुलिस अधीक्षक यातायात एवं थाना प्रभारी यातायात खंडवा द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है। थाना पंधाना में आरोपी रमेश पिता घनश्याम पाल अन्य 2 निवासी गण डोंगरगांव गणो को ताश पत्तो से पैसे से हारजीत का दाव लगाकर ताश पत्ते खेलते पकडा कब्जे से नगदी 7200/- रूपये व 52 ताश पत्ते जप्त किये गये। आरोपी के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। जिले मे आगामी त्योहारों के मद्देनजर विभिन्न थानो मे कुल 75 असामाजिक तत्त्वो के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। धारा 126/135 ब्र्ह्स्स के तहत 61 प्रकरण 61 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 ब्र्ह्स्स तहत 08 प्रकरण 14 अनावेदकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। जिले में कुल 19 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्यवाही कराई गई है।

## राग दरबारी

### चुनावी अखाड़े में विनेश फोगाट

मुखिया जी ने अपने सेवक घोचू दास से पूछा- चौपाल का खबरी पटवारी लाल कहां है? मुखिया जी वह न्यूज़ इकट्ठा करने के लिए हरियाणा में गया है। वह आज ही हवाई मार्ग से पहुंचने वाला है।

घोचू दास- वह हवाई जहाज से आएग! यह कैसे संभव है?

मुखिया जी- बड़े-बड़े गोदी मीडिया के पत्रकार हवाई जहाज से चलते हैं । वह उन्हीं लोगों के साथ लटक गया होगा? पटवारी है भी चतुर चालाक । देश को चूना लगा देने वाले नेताओं के चमचे को पटवारी चूना लगा दिया है । खैर जो भी हो वह जैसे लैंड करे पकड़ कर मेरे समक्ष उसे हाजिर करो?

मुखिया जी के समक्ष पटवारी लाल ?धउपस्थित है।

वे उसे नीचे से ऊपर तक निहारते हैं। वह बिल्कुल जोकर जैसाऔऔऔऔऔऔऔऔ लगता है। माथे पर गांधी टोपी है। हाथ में एक छड़ी है। गेरुआ वस्त्र है। हाथ में कमंडल है।वह पान खाकर-- पच- पच? पिक

थुक कर मुखिया जी को नमस्ते करता है। मुखिया जी ने पूछा,-. चौपाल का ड्रेस क्यों बदल लिया है? मुखिया जी-

नेतंवा सब चुनाव में टिकट पाने के लिए भेज बदल लेता है। मैं ने भी जहाज में घुसने के लिए भेष मेंबदल लिया था ।खैर यह तो

बतलाओ चटक खबर क्या है ?

हरियाणा के चुनावी मैदान में ख्याति प्राप्त कुश्ती पहलवान विनेश फोगाट चुनावी दंगल में उतरी है और वह भी कांग्रेस की टिकट पर। यही तो चौंक चौरहे पर चर्चा का विषय है फोगाट के समर्थन में लगता है संपूर्ण हरियाणा एक पैर पर खड़ा? है ।भाला उसके समर्थन में लोग खड़े क्यों ना हो ! महिला पहलवानों के साथ प्रशासन ने जो कुछ किया है उसे देश ने देखा है । उन्होंने ने प्रधानमंत्री मोदी जी के समक्ष मुंह खोलकर अपनी लाज की बात कही थी कि खिलाड़ियों का जॉन शोषण किया जाता है। उन्होंने कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर वह आरोप लगाया था। जब प्रधानमंत्री ने इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया तो खिलाड़ियों को संघर्ष की रास्ता अपनाना पड़ा। वे जंतर मंतर पर धरना पर बैठ गई। जिसका नेतृत्व विनेश फोगाट कर रही थी। दिन गुजरे महीना बितेजब उनके मांगों पर संज्ञान नहीं लिया गया तो वे भूख हड़ताल पर बैठ गई । महिला पहलवानों के समर्थन में एक जूटता का प्रदर्शन करने के लिए लोग आते गए उन्हें समर्थन देते गए । उनके समर्थन में अगर कोई नहीं आया तो वे थे बीजेपी के लोग। सत्ताधारी लोग इसलिए नहीं आए कि जिन पर आरोप था वह प्रधानमंत्री के चाहते लोगों में से एक थे। इसी बीच में आ गया नई संसद के उद्घाटन का समय सरकारी फरमान जारी कर दिया गया। धरना स्थल से हर कीमत पर पहलवान को उठाकर फेंक देना है। सत्ताधारियों की आज्ञाकारी पुलिस टूट पड़ी महिला पहलवानों पर। उन्हें बेरहमी के साथ जमीन पर घसीटा गया। मारा पीटा गया और उठा- उठा कर उन्हें धरना स्थल से फेंक दिया गया जिस दृश्य को देश के लोगों ने देखाथा । यह सब बृजभूषण सिंह को बचाव के लिए किया गया। खिलाड़ियों की कंप्लेन थाने में दर्ज न हो उसे रोक दिया गया। कोर्ट के आदेश पर उनके कंप्लेंट दर्ज हुआ। दिनेश फोगाट को तरह-तरह के व्यंग वालों का सामना करना पड़ा। फिर भी पेरिस ओलंपिक में दुनिया के बड़े-बड़े पहलवानों को पटकनी देते हुए फाइनल में पहुंच गई। देश के लोगों में इस बात की चर्चा होने लगी हरियाणा की बिटिया स्वर्ण पदक देश के लिए लाएगी । भारत की शान तिरंगे झंडे की मर्यादा दुनिया के मान पटल पर फहराते हुए भारत लौटेगी। लेकिन मात्र 100 ग्राम वेट बढ़ जाने के कारण वह खेल से बाहर कर दी गई। फोगाट भारी मन से कुश्ती से संन्यास ले लेने की घोषणा करते हुए देश पहुंची । उसे स्वर्ण पदक मिला या नहीं मिला देश वह मान सम्मान प्रदान किया जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती। भारत की धरती पर लैंड करते ही अपार जनसमूह ने उनका स्वागत किया। जिस स्वागत को देखकर फौगाट भाव विह्वल हो उठी । दिनेश फोगाट अब राजनीति में कदम बढ़ा चुकी हैतथा उसने कांग्रेस के झंडे को अपने हाथों में थाम लिया है। तथा चुनावी दंगल में उतर चुकी है। राजनीति में भी वह इतिहास रचना चाहती है। इतिहास की पटकथा हरियाणा की जनता लिख रही है । गलत का चाहे जो समर्थन करें जनता उसे सहन नहीं करती है। तथा समय आने पर उसका हिसाब करती है। इस चुनाव में जनता वहीं हिसाब कर रही है?

**अरविंद विद्रोही**
**बिरसानगर जामनगर 2 रोड नंबर 2 जमशेदपुर 19**
**मोबाइल 8789 718 130**

# परिसीमन' बनेगा मोहन 'राज' का सियासी हथियार



**इन्दौर (नप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने परिसीमन आयोग का एक ऐसा दांव चल दिया है जिससे वे कई समीकरणों को साधकर अपनी साख को मजबूत बनाएंगे। गौरतलब है कि प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से उठ रही नए जिलों की मांग के बाद अब मप्र प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग बनाने की घोषणा कर मुख्यमंत्री ने बड़े लक्ष्य को साधने की कोशिश की है। दरअसल, बीना को जिला बनाए जाने की मांग के बीच खुरई को भी जिला बनाने के लिए भीतरखाने राजनीतिक लामबंदी होने लगी थी।**

अब आयोग के गठन से ये भी साफ हो गया है कि नए जिलों का गठन सोच समझकर किया जाएगा। वहीं पुनर्गठन आयोग की घोषणा से सरकार ने राजनीति, भूगोल और समाज तीनों को साधने की कोशिश की है। सीनियर अधिकारी कहते हैं कि ऊपरी तौर पर भले ही ये प्रशासनिक आदेश लग रहा है, लेकिन इसके राजनीतिक मायने बेहद गहरे हैं।

27 फरवरी 2024 को ही कैबिनेट ने प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग को स्वीकृति दे दी थी। मगर, चुनाव आचार संहिता के चलते उस समय नियुक्ति के आदेश नहीं हुए थे। अब 9 सितंबर को सरकार ने रिटायर्ड एसीएस मनोज श्रीवास्तव को आयोग का सदस्य बनाया है। आयोग हर जिलों के दौरे करके उसका भूगोल समझेगा। वहां के लोगों की तकलीफ जानेगा। ये देखेगा कि प्रदेश के किस हिस्से में जिला मुख्यालय लोगों की पहुंच से बेहद दूर है? क्या उस हिस्से को नजदीक के किसी जिले में मिलाया जा सकता है या नहीं? इसके बाद आयोग एक ड्राफ्ट बनाएगा। उस पर दावे-आपत्तियां बुलाई जाएंगी।

एक बार फिर उन दावे-आपत्तियों पर सुनवाई होगी। फिर अंतिम ड्राफ्ट तैयार होगा। आयोग की इन गतिविधियों से लोगों का सरकार के प्रति विश्वास मजबूत होगा। जानकारों का कहना है कि सरकार ने जिलों की सीमाओं के फिर से आंकलन के लिए मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग बनाकर लंबे समय से चल रही विसंगतियों को दूर करने का जो फैसला लिया है, वह निश्चित रूप से बेहतर है पर इस फैसले के राजनीतिक निहितार्थ भी अपनी जगह है। सरकार ने इससे जिलों की राजनीति, भूगोल और समाज तीनों को साधने का प्रयास किया है।

### जिलों की समस्याएं हल होंगी

नए परिसीमन से जिलों की समस्याएं भी हल होंगी। आज कई शहर ऐसे हैं, जो अपने जिला मुख्यालय से काफी दूर हैं तो दूसरे जिले के एकदम करीब है। सीहोर जिले का बुधनी, नर्मदापुरम से लगा हुआ है। इसी तरह मंडीदीप रायसेन जिले में आता है और यह भोपाल के एकदम करीब है। पीथमपुर इंदौर से लगा हुआ है। मालनपुर ग्वालियर के पास है पर यह भिंड जिले में आता है। आयोग इन विसंगतियों को ठीक करने पर काम करेगा। आयोग का कार्यकाल अभी एक साल का रखा गया है, पर जानकारों की मानें तो काम काफी बड़ा और व्यापक है। इसमें दो साल से अधिक का समय लगना तय है। कहना न होगा कि नए जिलों को बनाने का सीधा संबंध सियासत से होता है। यही वजह है कि नए जिले जब भी बने चुनावी साल में ही बने। 2000 में मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ के अलग होने के बाद 2003 में तत्कालीन दिग्विजय सिंह सरकार ने अनूपपुर, अशोकनगर और बुरहानपुर को जिला बनाया था। तब जिलों की संख्या 45 से बढकर् 48 हो गई थी।

इसके बाद 2008 में शिवराज सरकार ने अलीराजपुर, सिंगरौली को नया जिला बनाया था। इसके बाद 2013 में शिवराज सिंह सरकार ने आगर मालवा को नया जिला बनाया, जिससे जिलों की संख्या 51 हो गई। 208 में फिर निवाड़ी को जिला बनाया गया। 2023 में चुनावी साल में फिर तीन नए जिले मऊगंज, पाढर्णा और मैहर बनाए गए। इसके बाद जिलों की संख्या 55 तक पहुंच गई। परिसीमन आयोग की सिफारिशों के बाद जिलों की संख्या कम होगी या बढ़ेगी, यह भविष्य के गर्त में है।

# विंध्य अंचल के दो बड़े नेताओ जनार्दन और सिद्धार्थ में ठनी

## दोनों नेता एक दूसरे पर बोल रहे हमला

**इन्दौर (नप्र)। विंध्य अंचल के दो बड़े नेताओं के बीच इन दिनों जमकर ठन गई है। दोनों नेता अब एक दूसरे पर जमकर प्रहार भी कर रहे हैं। अहम बात यह है कि दोनों ही नेता एक ही पार्टी भाजपा से आते हैं। इनमें जनार्दन मिश्रा सांसद और सिद्धार्थ तिवारी विधायक हैं। दोनों नेताओं द्वारा एक दूसरे को लेकर दिए गए बयानों से विंध्य की सियासत गरमा गई है। हाल ही में जनार्दन मिश्रा का एक बयान सामने आया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि श्रीनिवास तिवारी के कार्यकाल में एक भी गड्ढा नहीं भरा गया। इसके बाद हाल ही में भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा का एक और बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्रीनिवास तिवारी पर लूट, भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी का आरोप लगाया है।**

उनका यह बयान विंध्य और रीवा की सियासत में गरमाहट की वजह बन गया है। मामले पर त्योंथर से मौजूदा विधायक सिद्धार्थ तिवारी का कहना है कि यह बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं ऐसे बयान के खिलाफ हूं और मैं ही नहीं, उनके सभी चाहने वालों में ाी आक्रोश व्याप्त है। दरअसल, सिद्धार्थ तिवारी श्रीनिवास तिवारी के पोते है। इसलिए अपने दादा के खिलाफ हुई टिह्रश्वपणी से नाराज है। गौरतलब है कि श्रीनिवास तिवारी की गिनती आज भी रीवा के सबसे लोकप्रिय नेताओं में की जाती है। उनका निधन 19 जनवरी 2018 को 91 वर्ष की आयु में हुआ था। सांसद मिश्रा ने कहा एक जमाना था, जब रीवा शहर की सडक़ें गड्ढों में तदील हुआ करती थीं। उस समय श्रीनिवास तिवारी इस क्षेत्र के लिए सर्वेसर्वा थे। उनके प्रशंसक कहा करते थे कि दादा न आहीं दऊ आए. वोट न देहा तऊ आए। ये कैसे दऊ थे, जो अपने कार्यकाल में शहर की सडक़ों के गड्ढे तक नही भरवा पाए। लेकिन अगर आज सडक़ों में एक गड्ढा हो जाए तो अखबारों में शिकायतें आने लगती हैं। कितना अंतर है बीजेपी व कांग्रेस के शासन में। इस अंतर को पाटने के लिए डिह्रश्वटी सीएम राजेंद्र शुल का पूरा योगदान रहा है।

### पार्टी फोरम तक पहुंच गई शिकायत

विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने सांसद जनार्दन मिश्रा के बयान पर कहा कि किसी व्यक्ति के दिवंगत होने के बाद उनके बारे में अभद्र टिह्रश्वपणी करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सांसद का बयान निंदनीय है और उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि यों उन्हें टारगेट किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर कोई नाराजगी है तो सीधे उनसे बात करनी चाहिए। उन्होंने अपने दादा श्रीनिवास तिवारी के राजनैतिक जीवन और रीवा में किए गए कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने पार्टी फोरम में अपनी शिकायत दर्ज कराई है।


### क्या कहा सिद्धार्थ तिवारी ने

सिद्धार्थ तिवारी, जो कि श्रीनिवास तिवारी के पोते हैं, उन्होंने इस टिह्रश्वपणी को लेकर गहरी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा, किसी भी व्यक्ति के दिवंगत हो जाने के बाद उन पर अभद्र टिप्पणी को सही नहीं ठहराया जा सकता। सांसद जनार्दन मिश्रा का बयान बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है। मैंने उनका वक्तव्य सुना, और यह बेहद निंदनीय है। विधायक ने आगे कहा कि अगर सांसद को उनसे या उनके परिवार से कोई नाराजगी थी, तो उन्हें सीधे मुझसे बात करनी चाहिए थी। उन्होंने यह भी कहा कि उनके दादा ने अपने राजनीतिक जीवन के 75 साल जनता की सेवा में बिताए, और उनकी उपलधियों की गवाही रीवा के लोग दे सकते हैं।

### कांग्रेस का रुख

कांग्रेस ने भी सांसद मिश्रा के बयान को लेकर नाराजगी व्यक्त की थी, लेकिन अबभाजपा के भीतर ही यह विवाद और भी गहरा हो गया है। पार्टी के भीतर इस विवाद को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है, और यह देखा जाएगा कि इस मुद्दे पर कैसे प्रतिक्रिया दी जाती है।

# भाजपा की सदस्यता में जातिगत जानकारी का कॉलम भी



**इंदौर। भाजपा के सदस्यता अभियान में अब जाति सहित कई बिंदुओं का फॉर्मेट ऑनलाइन भरना होगा। इसके अलावा और भी कई डिटेल भाजपा संगठन इकट्ठा कर रहा है। वैसे अपनी बेसिक जानकारी देकर भी सदस्यता कार्ड डाउनलोड किया जा सकता है।**

**व्यक्तिगत जानकारी भी मांग रहा संगठन, ताकि सदस्य का पूरा रिकार्ड रहे**

अपने आपको दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बताने वाली भाजपा के पिछली बार 18 करोड़ सदस्य थे। इस बार यह संख्या 28 करोड़ होने का दावा किया जा रहा है। प्रदेश में डेढ़ करोड़ तो इंदौर में 8 लाख सदस्य बनाए जाने का टारगेट तय किया गया है। पार्टी ने इसके लिए एक मोबाइल नंबर भी जारी किया है, लेकिन मिस्ड कॉल से सदस्य बनाने के बजाय भाजपा के कार्यकर्ता और नेता अपने रैफरल आईडी की लिंक भेजकर सदस्य बना रहे हैं, ताकि सदस्य उनके खाते में जुड़ जाएं।

सदस्य बनने के बाद भाजपा एक जानकारी भी जुटा रही है, जिसमें सदस्य की पूरी जानकारी आ जाएगी। इसमें सदस्य के शहर, वार्ड, मंडल और बूथ तक की जानकारी शामिल है। सदस्यता अभियान पूरा होने के बाद भाजपा के पास एक डाटा तैयार हो जाएगा, जिसमें बूथ तक के सदस्य की जानकारी शामिल होगी, लेकिन ऑनलाइन फॉर्मेट में भाजपा ने व्यक्तिगत जानकारी का कॉलम भी जोड़ रखा है, जिसमें सदस्य को अपने परिवार की जानकारी देना होगी। इसमें वह किस धर्म से ताल्लुक रखता है, उसकी जाति का वर्ग और जाति क्या है, वह क्या काम करता है और घर के सदस्य का फोन नंबर भी डालना होगा। इसके बाद उसका आईडी कार्ड जनरेट होगा। हालांकि ये जानकारी अनिवार्य रूप से नहीं भरना है, यह ऑप्शन के तौर पर रखी है।

# अनुसूचित जाति-जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक संगठन की मांग

## नाई, बारी, कहार, सिंगरहा, ढीमर को अति पिछड़ी जाति घोषित करें

इंदौर। अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक संगठन (अपाक्स) के राष्ट्रीय प्रवक्ता अरुण वर्मा ने मप्र सरकार से नाई, बारी, कहार, सिंगरहा और ढीमर जातियों को बिहार की तरह अति पिछड़ी जाति घोषित करने की मांग की है। वर्मा ने कहा कि ये जातियां आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक दृष्टि से पिछड़ी हुई हैं। इन जातियों में अति गरीबी के कारण बच्चे शिक्षित नहीं हो पाते हैं। इस कारण वे अच्छे पद और वेतन से वंचित रहते हैं। वर्मा ने कहा कि बिहार सरकार ने इन जातियों को अति पिछड़ी जाति की सूची में शामिल किया है। परिणामस्वरूप इन जातियों की शिक्षा एवं आर्थिक स्थित में कुछ हद तक सुधार हुआ है। उन्होंने प्रधानमंत्री और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग पर ध्यान देने को कहा है।

# स्वच्छता ही सेवा 2024 पखवाड़ा में खेल विभाग भी करेंगा सहभागिता

### खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री सारंग ने की विभागीय समीक्षा



**भोपाल राष्ट्रीय जनभावना।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित स्वच्छता ही सेवा 2024 में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की सहभागिता सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए । इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियों को समाहित कर एक कैलेंडर तैयार किया जाए। मंत्री श्री सारंग ने यह निर्देश टीटी नगर स्टेडियम में विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती स्मिता भारद्वाज घाटे और खेल संचालक श्री रवि कुमार गुप्ता, संयुक्त संचालक श्री बी. एस. यादव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन अभियान को और अधिक गति देने इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा 2024 पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता थीम के साथ मनाया जाएगा। मध्य प्रदेश इस अभियान को पूरी प्रतिबद्धता के साथ सफल बनाने में कार्य कर रहा है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग की सहभागिता के माध्यम से कम से कम तीन कार्यक्रम इसमें शामिल किए जाएं।

# महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों से पहले बीजेपी के लिए गठबंधन साथियों से डील करना हुआ मुश्किल




मुंबई। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों से पहले बीजेपी के लिए गठबंधन साथियों, एकनाथ शिंदे और अजित पवार से डील करना काफी मुश्किल टास्क बन गया है। अजित पवार सीएम पद पर दावेदारी जता चुके हैं। और इसके लिए भाजपा में भी जाने को तैयार हैं। खबर है की महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार अमित शाह के सामने 2020 के चुनावों के बाद बिहार एनडीए वाले फॉर्मूले अथवा असम की शर्तों पर अमल का आश्वासन चाहते हैं - मतलब, उनकी नजर अब सीधे मुख्यमंत्री की कुर्सी पर है।

अजित पवार ने अमित शाह के सामने अपनी एक खास ख्वाहिश शेयर की है - बिहार की तरह उनको भी चुनाव बाद महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री घोषित किया जाये। कुछ दिन पहले ही अजित पवार ने हंसते हंसते कहा था, अगर पता होता कि सीएम की कुर्सी मिलेगी तो एनसीपी के और विधायकों को साथ लाता। एनसीपी नेता अजित पवार चाहते हैं कि बीजेपी महाराष्ट्र में भी वही फॉर्मूला अपनाये जिस पर 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव के बाद अमल किया गया था। बिहार में तो नीतीश कुमार पहले से ही मुख्यमंत्री थे। बाद में उनकी सीटें कम आने के बाद भी बीजेपी ने नीतीश को सीएम बनाया, ऐसा तो 2015 में आरजेडी ने भी किया था। अजित पवार शायद हिमंत बिस्वा सरमा की तरह डील चाहते हैं। 2021 का असम चुनाव लड़ा गया था सर्बानंद सोनवाल के नेतृत्व में लेकिन चुनाव बाद कांग्रेस से आये हिमंत बिस्वा सरमा को बीजेपी ने मुख्यमंत्री बना दिया - और आज तो वो हर जगह छाये हुए हैं। लेकिन अजित पवार के मालूम होना चाहिये कि ये सब हिमंत बिस्वा सरमा के बीजेपी में शामिल होने के बाद ही संभव हो सका है - क्या अजित पवार भी इस बात के लिए खुद को तैयार कर चुके हैं?

हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह महाराष्ट्र के दौरे पर गये थे, ताकि सत्ताधारी गठबंधन महायुति में शामिल सहयोगी दलों के बीच सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दिया जा सके। अमित शाह ने महाराष्ट्र बीजेपी के नेताओं से मुलाकात तो की ही, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ साथ डिप्टी सीएम अजित पवार से भी मिले - बताते हैं कि गठबंधन साथियों के साथ अगले दौर की बातचीत दिल्ली में होनी है। बताया जाता है कि महाराष्ट्र की विधानसभा सीटों के बंटवारे को लेकर बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस, शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे और एनसीपी नेता अजित पवार के बीच लगातार बातचीत हो रही है - और ये सिलसिला करीब 15-20 दिनों से चला आ रहा है जो जानकारी सामने आ रही है उसके मुताबिक, बीजेपी में करीब 50 त्न सीटें फाइनल हो चुकी हैं, और नवरात्र के बाद उम्मीदवारों को उनकी सीटों के बारे में बता भी दिया जाएगा।

महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों में से बीजेपी जहां 150 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है, अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी अपने लिए 70 सीटों पर दावा पेश कर चुकी है। करीब 40 सीटें ऐसी हैं जिन्हें लेकर खासतौर से चर्चा हो रही है। एनसीपी वो सीटें तो किसी भी सूरत में छोड़ने को तैयार नहीं है, जहां से उसके मौजूदा विधायक हैं। एनसीपी नेताओं का कहना है कि तीन-चार सीटों की अदला-बदली तो की जा सकती है, लेकिन 10-12 वे सीटें भी चाहिये जो 2019 के चुनाव में गठबंधन के तहत कांग्रेस के हिस्से में आई थीं।

महाराष्ट्र में बीजेपी गठबंधन साथियों की तरफ से जिस तरह का दबाव महसूस कर रही है, अगर कांग्रेस और महाविकास आघाड़ी की वजह से समझौता करना पड़ा तो क्या होगा? फिर तो बीजेपी को अपने हिस्से में ही कटौती करनी पड़ेगी। बताते हैं कि अमित शाह और अजित पवार की मुंबई एयरपोर्ट पर अकेले में खास मुलाकात हुई है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com